26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : रविवार, 27 सितम्बर, 2026

अंक- 334 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# अगर आतंकवादी भारत की ओर आंख उठायेंगे, तो उसका करारा जवाब दिया जाएगा- मोदी

**नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की भारत की नीति को विदेश मंत्री एस जयशंकर द्वारा संयुक्त राष्ट्र में दुनिया भर के देशों के सामने स्पष्ट किये जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आतंकवादी हमले के जवाब में भारतीय सेनाओं की सर्जिकल स्ट्राइक का उल्लेख करते हुए कहा है कि भारत आतंकवाद के खिलाफ मजबूत और निर्णायक कार्रवाई से पीछे नहीं हटेगा। श्री मोदी ने आज आकाशवाणी पर अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में कहा कि भारतीय सेनाओं की नियंत्रण रेखा के पार पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों पर 28 सितम्बर 2016 को की गई सर्जिकल स्ट्राइक के एक दिन बाद दस वर्ष पूरे होने जा रहे हैं। उन्होंने इसे ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि वीर जवानों की इस कार्रवाई ने दुनिया को हैरान कर दिया था और इस स्ट्राइक ने ने डंके की चोट पर पूरी दुनिया के सामने भारत की आतंकवाद विरोधी नीति का एक नया उदाहरण प्रस्तुत किया था।



उन्होंने कहा, 'आतंकवादी हमलों के कारण भारत ने लंबे समय तक, जो दर्द झेला था, 'सर्जिकल स्ट्राइक' उस कष्ट के खिलाफ हमारी निर्णायक प्रतिक्रिया थी। बीते एक दशक में, बालाकोट की एयर स्ट्राइक से लेकर 'ऑपरेशन सिंदूर' तक भारत ने बार-बार ये स्पष्ट संदेश दिया है कि अगर आतंकवादी भारत पर आंख उठायेंगे, तो उसका करारा जवाब दिया जाएगा।'

प्रधानमंत्री ने पिछले कुछ दशकों में देश में हुए कई आतंकवादी हमलों का उल्लेख करते हुए कहा कि पहले भी हर आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान पर कार्रवाई की मांग होती थी, लेकिन, उस पर उतना ध्यान नहीं दिया जाता था। समय बीतने का इंतजार किया जाता था। लेकिन आज का भारत आतंकवाद के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस नीति' लेकर चल रहा है और इसके नतीजे सबके सामने हैं।

उन्होंने देश में मुंबई आतंकवादी हमले और अमेरिका के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर के हमलों का जिक्र करते हुए देशवासियों की ओर से पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। उल्लेखनीय है कि 18 सितंबर 2016 को जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में आतंकवादी हमले में 19 भारतीय जवान शहीद हो गए थे जिसके जवाब में भारतीय सेनाओं ने 28 और 29 सितम्बर की दरम्यानी रात में नियंत्रण रेखा पार आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया था जिसमें सैकड़ों आतंकवादी मारे गए थे। श्री जयशंकर ने शनिवार रात संयुक्त राष्ट्र महासभा के 81 वें सत्र में आतंकवाद के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंज की नीति को दृढ़ता से दोहराते हुए कहा था कि आतंकवाद को सामान्य घटनाएं बनाने की कोशिश स्वीकार नहीं की जा सकती और भारत अपने आत्मरक्षा के अधिकार का इस्तेमाल करने से पीछे नहीं हटेगा।

# आतंकवाद से समझौता नहीं, आत्मरक्षा का अधिकार कायम

## सुधार आधारित बहुपक्षवाद का समर्थक है भारत- जयशंकर

**नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में आतंकवाद के खिलाफ जीरो-टॉलरेंस की अपनी नीति को दृढ़ता से दोहराते हुए कहा है कि आतंकवाद को सामान्य घटनाएं बनाने की कोशिश स्वीकार नहीं की जा सकती और भारत अपने आत्मरक्षा के अधिकार का इस्तेमाल करेगा।**



विदेश मंत्री जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 81 में सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया बहुध्रुवीय व्यवस्था की ओर बढ़ रही है और वैश्विक संस्थाओं में व्यापक भागीदारी के लिए सुधार आधारित बहुपक्षवाद की जरूरत लगातार मजबूत हो रही है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद को समर्थन देने वाली सरकारों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और आतंकवाद के वित्तीय स्रोतों को उजागर कर उन पर रोक लगनी चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि आतंकवाद और मित्रता साथ-साथ नहीं चल सकते तथा आतंकवाद के आधार पर बनी समझ को स्वाभाविक रूप से चुनौती दी जाएगी। विदेश मंत्री ने दुनिया के अनेक हिस्सों में जारी संघर्षों पर चिंता जताते हुए खाड़ी में जारी संघर्ष को लेकर तनाव कम करने, नागरिकों की सुरक्षा तथा ऊर्जा और व्यापार के निर्बाध प्रवाह की अपील की। यूक्रेन युद्ध के संदर्भ में भारत ने कहा कि अंतहीन युद्ध अब खत्म होना चाहिए और शांति की दिशा में जारी प्रयासों का समर्थन किया। पश्चिम एशिया में भारत ने स्थायी शांति के लिए दो-राष्ट्र समाधान को जरूरी बताया और फिलिस्तीन के लोगों के लिए मानवीय सहायता जारी रखने की बात कही। भारत ने कहा कि शांति केवल युद्ध की अनुपस्थिति नहीं है। वित्त, बाजार पहुंच, आपूर्ति श्रृंखला और तकनीक के इस्तेमाल को दबाव के साधन में बदलने से वैश्विक भरोसा कमजोर हुआ है। ग्लोबल साउथ के सामने खाद्य, ईंधन, उर्वरक और वित्त की 4 चुनौतियां भी गंभीर है। विदेश मंत्री ने भारत की विकास साझेदारी का उल्लेख करते हुए कहा कि 78 देशों में 600 बड़ी भारतीय विकास परियोजनाएं चल रही हैं। इनमें बुनियादी ढांचा, विनिर्माण, कृषि, आईटी और क्षमता निर्माण शामिल हैं। भारत ने जलवायु कार्रवाई, स्वच्छ ऊर्जा, स्वच्छ पानी और टिकाऊ कृषि के क्षेत्र में भी अपने अनुभव साझा करने की बात कही।

# बसपा ने संगठन को तीन सेक्टर में बांटा

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने आज पार्टी संगठन को तीन सेक्टर में बांटने की घोषणा की और भारी वर्षा, आंधी-तूफान से प्रभावित लोगों की मदद के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं से अपील की। सुश्री मायावती ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट में कहा कि पिछले कुछ दिनों से देश के विभिन्न भागों में भारी वर्षा, आंधी-तूफान के कारण जनता काफी मुश्किल दौर से गुजर रही है। उन्होंने कहा कि ऐसी कुदरती विकट हालात में संबंधित सभी राज्य सरकारों को प्रभावित लोगों की हर स्तर पर पूरी-पूरी मदद करनी चाहिए, बसपा की यह मांग है। महाराष्ट्र के काफी इलाकों में सूखे की मार झेल रहे लोगों और किसानों को राज्य सरकार जमीनी स्तर पर फौरी राहत दे। उन्होंने कहा कि देश में बीएसपी संगठन को तैयार करने व सर्वसमाज में पार्टी का जनाधार बढ़ाने के लिए संगठन को तीन सेक्टर में बांटा गया है। सेक्टर नंबर-1 में 10 राज्य आते हैं, जिनको राज्यसभा सांसद श्री रामजी गौतम व श्री सुरेश राव दोनों केंद्रीय सेक्टर प्रभारी मिलकर देख रहे हैं। सेक्टर नंबर-2 में 9 राज्य आते हैं, जिनको पूर्व राज्यसभा सांसद श्री राजाराम व पूर्व विधायक श्री अतरसिंह राव दोनों केंद्रीय सेक्टर प्रभारी मिलकर देख रहे हैं। सेक्टर नंबर-3 में उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड आते हैं, जिनको लखनऊ पार्टी केंद्रीय कैम्प कार्यालय 9 मॉल एवेन्यू द्वारा सीधा देखा जा रहा है। बसपा प्रमुख ने कहा कि सेक्टर 1 व सेक्टर 2 के चारों केंद्रीय सेक्टर प्रभारियों से अपील है कि वे अपने-अपने सेक्टर के अंतर्गत जहां-जहां भारी वर्षा व तूफान से तबाही मची है, वहां पार्टी के लोग अपनी सामर्थ्य के हिसाब से मदद जरूर करें। लेकिन इसके लिए कोई अलग से धन इकट्ठा नहीं करना है।

मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना






डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'

M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब

M.B.B.S. (TU), M.I.P.S., Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र

पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423

# कांग्रेस-सपा जीतें तो पुरुषार्थ, हारें तो चुनाव आयोग दोषी- योगी

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एसआईआर को लेकर विपक्ष की आपत्तियों के बीच रविवार को कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर सीधा हमला बोला। अपने सरकारी आवास पर आयोजित एक पत्रकार वार्ता में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि कांग्रेस-सपा समेत विपक्षी दल चुनाव जीतते हैं तो इसे अपना पुरुषार्थ बताते हैं, लेकिन हारने पर चुनाव आयोग और ईवीएम को दोष देने लगते हैं। उन्होंने एसआईआर को लेकर उठाए जा रहे सवालों को संवैधानिक संस्थाओं को कटघरे में खड़ा करने की कोशिश बताते हुए विपक्ष को आत्मावलोकन की नसीहत दी। मुख्यमंत्री योगी ने कांग्रेस, सपा, राजद और अन्य विपक्षी दलों को निशाने पर रखते हुए कहा कि एसआईआर को लेकर भ्रम पैदा कर हाय-तौबा मचाई जा रही है। चुनाव आयोग की ओर से पूरी स्थिति स्पष्ट किए जाने के बाद भी सवाल उठाए जा रहे हैं।



उन्होंने आरोप लगाया कि राजनीतिक स्वार्थ के लिए संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल खड़े करने की यह प्रवृत्ति लोकतांत्रिक मूल्यों और दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को कमजोर करती है। एसआईआर को पहली बार की जा रही कवायद बताने पर मुख्यमंत्री योगी ने सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि देश में 1952, 1957, 1961, 1965-66 और 2003 में भी एसआईआर की कार्रवाई हो चुकी है। इनमें ज्यादातर समय केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार थी। इसके बावजूद इस बार कांग्रेस, सपा, राजद और अन्य विपक्षी दलों की ओर से एसआईआर को लेकर भ्रम फैलाना दुर्भाग्यपूर्ण है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि देश में सबसे अधिक समय तक शासन करने वाली कांग्रेस आज चुनाव आयोग को ही कटघरे में खड़ा कर रही है। कांग्रेस, सपा और राजद चुनाव जीत जाएं तो इसे अपना पुरुषार्थ बताते हैं, लेकिन अपनी नीतियों, भ्रष्टाचार, आर्थिक कदाचार और अराजकता के कारण जनता उन्हें खारिज कर दे तो चुनाव आयोग और ईवीएम को जिम्मेदार ठहराते हैं। उन्होंने विपक्षी दलों को इस पर चिंतन और आत्मावलोकन करने की नसीहत दी।

मुख्यमंत्री योगी ने चुनाव आयोग पर उठाए जा रहे सवालों को विपक्ष की पुरानी कार्यप्रणाली से जोड़ा। राहुल गांधी के कैंब्रिज में दिए बयान का उल्लेख करते हुए उन्होंने न्यायपालिका की निष्पक्षता पर सवाल उठाने का आरोप लगाया।

योगी ने कहा कि 2019 में राफेल के मुद्दे पर कैग के ऑब्जर्वेशन पर भी सवाल उठाए गए। जिस ईवीएम से कांग्रेस की केंद्र और राज्यों में सरकारें बनीं, उसी को ब्लैक बॉक्स बताकर देश की चुनाव प्रणाली को कठघरे में खड़ा किया गया। उन्होने आरोप लगाया कि संवैधानिक संस्थाओं पर लगातार सवाल खड़े करने से देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था कमजोर होती है और दुनिया में भारत की छवि पर भी असर पड़ता है।

# 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वन्दे मातरम् एक साथ गायन कार्यक्रम आयोजित



नजीबाबाद (चिंगारी)। विद्या भारती विद्यालय निर्मला गोकुल सिंह यादव सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज नमामि भारत कार्यक्रम के अन्तर्गत राष्ट्रगीत वन्दे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वन्दे मातरम् का एक साथ गायन कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ कार्यक्रम अध्यक्ष डा. प्रियम्वदा आर्य (संस्थापिका, गुरुकुल आर्ष कन्या विद्यापीठ), मुख्य अतिथि जगदीश चन्द्र जोशी (सह प्रान्त आयाम प्रमुख सामाजिक समरसता गतिविधि), मुख्य वक्ता डॉ0 एलएस बिष्ट (क्षेत्रीय मंत्री, विद्या भारती), पंकज अग्रवाल (प्रबन्धक), पूरन सिंह भण्डारी (उपाध्यक्ष), कपिल गर्ग (कोषाध्यक्ष) एवं प्रधानाचार्य जितेन्द्र सिंह ने किया। विपिन राज, केपी सिंह, सुभाष कण्डवाल, शीला अग्रवाल, रविन्द्र काकरान, सत्यप्रकाश मित्तल एवं त्रषिपाल सिंह आदि उपस्थित रहे। संचालन आचार्या मनु के दिशा-निर्देशन में बहिन दीपिका एवं बहिन अंजली ने किया। कार्यक्रम संयोजक पंकज शर्मा ने अतिथि गणों को पटका पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। सभी भैया-बहिनों, अभिभावकों गणों एवं अतिथि गणों ने सामूहिक रूप से पूर्ण वन्दे मातरम् का एक साथ गायन किया। लकी ड्रा कार्यक्रम का आयोजन आचार्या मनु ने कराया। जिसमें अतिथि गणों ने तीन पर्ची उठाकर भाग्यशाली विजेताओं के नाम की घोषणा की तथा उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में आचार्या आत्मस्वरूप शर्मा, संजय शर्मा, नीरज कुमार, गौरव कुमार, अनन्त कुमार, सोनू कुमार, घनश्याम सिंह, सुभाष कुमार, संजीव कुमार, आचार्या पूनम, मनु, साक्षी, मिताली, मीनू, पलक एवं समस्त कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## एनजीआईसी में चार्ट व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित

नजीबाबाद (चिंगारी)। देश भर में चल रहे सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नॉर्थ इंडिया कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन में मेरे सपनों का भारत विषय पर चार्ट एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के कार्यकारी निदेशक अभिनव अग्रवाल, प्राचार्या डॉ. नीलावती व डॉ. नवनीत राजपूत ने किया। प्रतियोगिता में बीए, बीएससी, बीकॉम एवं बीएड के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यार्थियों ने स्वच्छ भारत, डिजिटल इंडिया, आत्मनिर्भर भारत व शिक्षा जैसे विषयों पर आकर्षक पोस्टर बनाकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आंशिक (बीएससी प्रथम सेमेस्टर), द्वितीय मीनू (बीएससी (गृह विभाग) प्रथम सेमेस्टर) व तृतीय स्थान प्रिंस राज (बीए प्रथम सेमेस्टर) ने हासिल किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. नीलावती ने सभी विजेताओं एवं प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. जसवन्त सिंह, डॉ. नवनीत राजपूत, डॉ रामकिशोर, ज्योति तेजवान, अमन कुमार शर्मा, आसमा बेगम, ज्योति बालियान, मनीषा, प्रदीप कुमार, विष्णु दत्त शर्मा एवं डॉ. अनम खान आदि का विशेष सहयोग रहा।



## बच्चों ने प्रेरणा गीत हम वक्त बदल देंगे, हालात बदल देंगे प्रस्तुत किया



नजीबाबाद (चिंगारी)। समग्र विद्यालय कनकपुर कला में मीना का जन्मदिन बड़े हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ केक काटकर मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एआरपी डॉ. मनोरमा एवं एआरपी सूची राणा द्वारा मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की मुख्य विषयवस्तु बालिकाओं में आत्मविश्वास एवं उनकी अंतर्निहित शक्तियों का एहसास कराना रही। कार्यशाला के दौरान बालिकाओं ने विभिन्न गतिविधियों, प्रस्तुतियों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में प्रेरणा गीत 'हम वक्त बदल देंगे, हालात बदल देंगे' प्रस्तुत किया गया। बच्चों द्वारा लघु नाटिका 'शिक्षा चौपाल' का मंचन कर शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया गया। छोटे बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देती आकर्षक प्रस्तुति दी। वहीं बालिका शिक्षा एवं आत्मविश्वास के विषय पर छात्रा राधिका ने जोशीला भाषण प्रस्तुत किया। छात्रा नसरा ने अपनी कविता के माध्यम से अपनी शिक्षिका को सम्मान दिया कार्यक्रम के दौरान कक्षा 6, 7 एवं 8 की एक-एक बालिका को 'पावर एंजल' चुनकर ताज पहनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की ओर से पांच विशिष्ट अभिभावक माताओं को सम्मानित किया गया। बालिका शिक्षा व उत्थान के लिए प्रयासरत एवं मीना मंच सुगम कर्ता शिक्षिका हिमानी प्रजापति के मार्गदर्शन में बालिकाओं ने आत्मविश्वास, शिक्षा व पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में शिक्षक महेश कुमार, नेहा, आरती, रूबी चक्रवर्ती आदि समस्त स्टॉफ का सहयोग रहा।

## विश्व फार्मेसी दिवस केक काटकर हर्षोल्लास के साथ मनाया



मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। डीएमआर फार्मेसी कॉलेज भागूवाला में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विश्व फार्मेसी दिवस को केक काटकर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्रबंधक आर के सागर ने एक कुशल फार्मासिस्ट कैसे बन सकते है, इस संबंध में जानकारी दी। उन्होंने विश्व फार्मेसी दिवस-2026 की थीम एमपावरिंग फार्मासिस्ट फॉर हेल्थीयर फ्यूचर के विषय में विस्तार से बताया। कॉलेज के प्रबंधक पुखराज सिंह व प्रधानाचार्य काजोल ने भी छात्र-छात्राओं को फार्मेसी के विषय में बताया। इस मौके पर कॉलेज में डी फार्मा के छात्र-छात्राओं के लिए एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में वर्षा ने प्रथम, वंदना ने द्वितीय व अंशु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन्होंने अपने-अपने विषय में सुंदर पोस्टर बनाकर कॉलेज में प्रस्तुत किए एवं अपने टॉपिक के विषय में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मुजाहिद हुसैन ने किया। राहिला अंसारी, अमरीश, ताहर सिंह, रूपचंद आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## इमरान सिद्दीकी ने 25 वीं बार किया रक्तदान



नजीबाबाद (चिंगारी)। थैलेसीमिया मुक्त बिजनौर अभियान रक्तदान महादान ब्लॉक नजीबाबाद टीम के व्हाट्सएप ग्रुप पर एक मैसेज आया कि आदित्य हॉस्पिटल, नजीबाबाद में भर्ती एक मरीज को 2 यूनिट रक्त की तत्काल आवश्यकता है। मैसेज मिलते ही टीम के अध्यक्ष हाजी फहीम अख्तर ने किरतपुर निवासी सक्रिय सदस्य इमरान सिद्दीकी को कॉल किया। सूचना मिलते ही इमरान सिद्दीकी बिना देर किए किरतपुर से बस में बैठकर नजीबाबाद बस स्टैंड तक पहुंचे। वहां से हाजी फहीम अख्तर ने उन्हें रिसीव कर नजीबाबाद चौरिटेबल ब्लड सेंटर लेकर गए। वहां इमरान सिद्दीकी ने जरूरतमंद मरीज के लिए अपना 25 वां रक्तदान कर एक बार फिर मानवता की मिसाल पेश की। हाजी फहीम अख्तर ने बताया कि इमरान सिद्दीकी का यह जज्बा युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है। किरतपुर से नजीबाबाद तक का ये सफर सिर्फ रक्तदान नहीं, बल्कि इंसानियत का सफर है।




मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया जागरूक ( पेज 13 )



# 2027 में आखिरी वर्ल्ड कप खेलूंगा- विराट


**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** विराट कोहली ने कहा कि 2027 का वर्ल्ड कप भारत के लिए उनका आखिरी वर्ल्ड कप होगा। उन्होंने कहा कि वे ट्रॉफी जीतने के लिए अपना सब कुछ दांव पर लगाने को तैयार हैं। कोहली ने कहा, मैं मैदान पर अपना 100% देना चाहता हूं। लक्ष्य बिल्कुल साफ है- वर्ल्ड कप जीतना। 37 साल के कोहली सिर्फ वनडे क्रिकेट खेल रहे हैं। उन्होंने 2024 में टी-20 इंटरनेशनल और 2025 में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया



था। विराट कोहली अब तक 4 वनडे वर्ल्ड कप (2011, 2015, 2019 और 2023) खेल चुके हैं। उनके नाम वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा 54 शतक भी हैं। 2027 का वनडे वर्ल्ड कप साउथ अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया की मेजबानी में खेला जाएगा। कोहली ने 50 ओवर के वर्ल्ड कप की शारीरिक और मानसिक चुनौती भी बताई। उनके मुताबिक एक वनडे में खिलाड़ी को करीब ढाई टी-20 मैच जितनी क्रिकेट खेलनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि 2027 वर्ल्ड कप विदेशी परिस्थितियों में होगा।

# बदरीनाथ धाम के निकट आयोजित कॉन्सर्ट धाम की गरिमा पर सीधा आघात- जोशी

**नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और मार्गदर्शक मंडल के सदस्य डॉ. मुरली मनोहर जोशी ने बदरीनाथ धाम के निकट आयोजित कॉन्सर्ट और डीजे सांस्कृतिक कार्यक्रम को सांस्कृतिक मर्यादाओं का उल्लंघन और पवित्र धाम की गरिमा पर सीधा आघात करार दिया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया पर जारी एक बयान में कहा कि बदरीनाथ धाम में संगीत कॉन्सर्ट या डीजे कार्यक्रम की अनुमति देना न केवल सांस्कृतिक मर्यादाओं का उल्लंघन है, बल्कि यह इस पवित्र स्थल की पवित्रता पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि आदिगुरु शंकराचार्य महाराज ने इस पावन धाम की स्थापना शांतिपूर्ण माहौल में भगवत भजन और प्रभु की आराधना के लिए की थी। भाजपा नेता ने इस धाम की विशिष्ट परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा, यह ध्यान देने योग्य है कि इस स्थान पर शंख बजाना तक वर्जित



है। इसके बावजूद, इस परंपरा की अनदेखी करते हुए तेज संगीत वाले कार्यक्रमों का आयोजन करके हम भारतीय आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय मूल्यों की घोर उपेक्षा कर रहे हैं। साथ ही, इतनी अधिक ऊंचाई पर हजारों लोगों द्वारा नृत्य करने से उनके स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों को भी नजरअंदाज किया जा रहा है।

# पर्यूषण पर्व के समापन पर जैन समाज ने निकाली शोभायात्रा

**स्योहारा ( चिंगारी )।** पर्यूषण पर्व के समापन पर जैन समाज द्वारा जैन रथयात्रा का प्रारंभ दिगंबर जैन मंदिर से दोपहर 12 बजे किया गया। यह यात्रा नगर के बड़ा बाजार, शिवाजी मार्केट, सोमवार का बाजार, मिल चौराहा, अय्यूब खा चौराहा, शाही मस्जिद रोड होती हुई जैन मंदिर पर समाप्त हुई। इससे पहले मंदिर पर मुख्य अतिथि कुसुम लता जैन पत्नी स्वर्गीय शीलचंद जैन के द्वारा जैन ध्वजारोहण किया गया।



इस मौके पर जैन समाज की महिलाओं रीता जैन, दीप्ति जैन, रेखा जैन, कामिनी जैन आदि ने लहर-लहर लहराए झंडा, गीत गाए। इसके बाद भगवान चंद्रप्रभु को मंदिर से पालकी में विराजमान करके रथ के आगे लाया गया। चंद्रप्रभु भगवान की आरती स्थान-स्थान पर पालकी को रोककर की गई। प्रभु रथ पर हुए सवार नगाड़ा बाज रहा सुन्दर गीत पर जैन वीर झूम उठे। पालकी को स्थान-स्थान पर रोककर जैन समुदाय के परिवार भगवान की मंगल आरती कर रहे थे।

शोभायात्रा में सबसे आगे जैन ध्वज को गड्डूलनों पर लिए हुए बालक चल रहे थे। साथ ही शोभायात्रा में जैन धर्म से संबंधित सुंदर-सुंदर आकर्षक झांकियां थीं।

**शोभायात्रा से पहले नागरिकों का अभिनंदन**

10 लक्षण पर्व की समाप्ति पर जुलूस से पहले, जैन समाज के द्वारा अतिथियों का अभिनंदन किया गया। इस मौके पर डॉक्टर मनोज कुमार वर्मा, कांता प्रसाद पुष्पक अध्यक्ष रोटरी क्लब, डॉक्टर वीरेंद्र, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अख्तर जलील, डॉक्टर यज्ञदत्त गौड़, राजपाल सिंह, वलीउर रहमान, डॉक्टर हर्मिन्द्र कालरा आदि को पटका पहनाकर सम्मानित किया गया।

# विद्युत करंट से अधेड़ की मौत, परिजनों में कोहराम मचा

**नूरपुर ( चिंगारी )।** क्षेत्र के गांव अब्दुल्लापुर दहाना में रविवार सुबह विद्युत करंट की चपेट में आकर किसान इसरार अहमद ( 56 वर्ष ) की मौत हो गई। मृतक इसरार अहमद बारिश के कारण जमीन पर गिरी गन्ने की फसल को सीधा कर बांध रहे थे। इसी दौरान वहां से शौचालय की ओर जा रहे बिजली के तार से उनका हाथ छू गया। करंट लगने पर वह जमीन पर गिरकर घायल हो गए। इस दौरान साथ में काम कर रही उनकी पत्नी उन्हें बचाने आई तो उन्हें भी करंट लग गया। पत्नी के शोर मचाने पर आसपास काम कर रहे किसान भी मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने बिजली का तार काटकर दोनों को अलग किया। इसरार को उठाकर निजी चिकित्सक के पास ले गये। चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।




कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

# उषा की हत्या उसके तयेरे भाई ने ही की थी

## हत्या करने के बाद शव जलाने का प्रयास किया

**बिजनौर (चिंगारी)।** नूरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम आलमपुर एड़वा के जंगल में ईख के खेत के किनारे मिली महिला की अधजली लाश का पुलिस ने शनिवार को खुलासा कर दिया। पुलिस के अनुसार महिला की हत्या किसी गैर ने नहीं, बल्कि उसके तयेरे भाई नीरज ने की थी। आरोपी ने ऊषा की गला दबाकर हत्या की और पहचान छिपाने के लिए शव पर कंबल डालकर आग लगा दी। आरोप है कि उसने ऊषा की तीन वर्षीय बेटी का भी गला घोंटकर हत्या का प्रयास किया और उसे मरा हुआ समझकर छोड़ दिया। बच्ची की सांसें चलती रहीं और उसकी जान बच गई, उसका उपचार चल रहा है। पुलिस के अनुसार बच्ची गूंगी-बहरी है।

शनिवार को पुलिस लाइन में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में एएसपी ग्रामीण गौतम राय ने बताया कि 23 सितंबर को आलमपुर एड़वा के जंगल में ईख के खेत के किनारे अज्ञात महिला का शव और पास में रोती हुई बच्ची मिली थी। पुलिस ने शव और बच्ची की पहचान के लिए सोशल मीडिया समेत अन्य माध्यमों से प्रयास किए। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो के माध्यम से अनिल कुमार पुत्र स्व. चरण सिंह निवासी नवलपुर गंगा बैराज ने महिला की पहचान अपनी पत्नी ऊषा और बच्ची की पहचान अपनी पुत्री वैष्णवी के रूप में की। अनिल की तहरीर पर 25 सितंबर को थाना नूरपुर में धारा 103(1)/238 बीएनएस के तहत नीरज के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। बच्ची की हत्या के प्रयास के आरोप में विवेचना के दौरान धारा 109(1) बीएनएस भी बढ़ाई गई।

### पारिवारिक समारोह से बढ़ीं थीं नजदीकियां

पुलिस के अनुसार, पूछताछ में सामने आया कि ऊषा और नीरज रिश्ते में तयेरे-चचेरे भाई-बहन थे। करीब छह माह पहले एक पारिवारिक कार्यक्रम में दोनों की मुलाकात हुई थी। इसके बाद दोनों के बीच फोन पर बातचीत शुरू हुई और धीरे-धीरे नजदीकियां बढ़ गईं। पुलिस के मुताबिक, ऊषा के पति से पारिवारिक विवाद चल रहा था और वह स्याऊ, चांदपुर में किराये के मकान में रह रही थी। पुलिस का कहना है कि ऊषा कथित तौर पर नीरज पर उसके साथ लिव-इन में रहने का दबाव बना रही थी। नीरज शादीशुदा था और कथित तौर पर लगातार बनाए जा रहे दबाव से परेशान था। पुलिस के अनुसार, इसी के बाद उसने ऊषा से छुटकारा पाने की योजना बनाई।



### पहले हरिद्वार व ऋषिकेश घुमाया, फिर नूरपुर लाया

पुलिस के मुताबिक, योजना के तहत नीरज 19 सितंबर की रात ऊषा और उसके दोनों बच्चों को लेकर हरिद्वार-ऋषिकेश गया। इसके बाद 20 सितंबर को उन्हें नूरपुर स्थित एक होटल में ठहराया। 22 सितंबर की रात वह ऊषा, उसकी बेटी वैष्णवी और बेटे को पिकअप वाहन से आलमपुर एड़वा के जंगल की ओर ले गया। पुलिस के अनुसार, रात करीब 10:15 बजे ईख के खेत के पास वाहन रोककर नीरज ने ऊषा का गला दबा दिया। इसके बाद उसके दुपट्टे से गले में गांठ लगा दी। बच्ची के रोने पर आरोपी ने उसका भी गला दबाया और उसे मृत समझकर वहीं छोड़ दिया। इसके बाद ऊषा के शव को खेत के किनारे डालकर उस पर कंबल डाला और आग लगा दी।

### बच्चे को अपने साथ ले गया था

पुलिस के अनुसार, आरोपी ऊषा के बेटे को अपने साथ ले गया था। पुलिस पूछताछ में उसने कथित तौर पर बताया कि वह बच्चे की परवरिश करना चाहता था। आरोपी के कोई पुत्र नहीं है। पुलिस टीम ने आरोपी की निशानदेही पर बच्चे को मुरादाबाद स्थित उसकी ससुराल से सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस के मुताबिक, पहचान छिपाने के लिए आरोपी ने ऊषा के शव को जलाने के अलावा उसका मोबाइल फोन तोड़कर सिम निकाल दिया और जंगल में फेंक दिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही से घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन समेत अन्य सामान बरामद किया है।

### हत्याकांड की खास बातें-

- 23 सितंबर: आलमपुर एड़वा के जंगल में मिला ऊषा का शव और रोती हुई बच्ची।
- 25 सितंबर: पति की तहरीर पर नीरज के खिलाफ मुकदमा दर्ज।
- 26 सितंबर: पुलिस ने आरोपी नीरज को गिरफ्तार किया।
- बच्ची: गला दबाने के बाद आरोपी ने मृत समझकर छोड़ा, उपचार जारी।
- बेटा: आरोपी की ससुराल, मुरादाबाद से सकुशल बरामद।
- रिश्ता: आरोपी और मृतका तयेरे-चचेरे भाई-बहन

# रामगंगा बांध का जलस्तर बढ़ा : बाढ़ की चेतावनी

## 358.530 मीटर पहुंचा जलस्तर, 364 मीटर तक जलाशय भरने का प्रस्ताव

**अफजलगढ़/कालागढ़ (चिंगारी)।** कालागढ़ स्थित रामगंगा बांध के जलाशय का जलस्तर लगातार बढ़ने की संभावना को देखते हुए बाढ़ की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान में अगले चार से पांच दिनों के भीतर रामगंगा जलाशय के कैचमेंट क्षेत्र और पहाड़ी इलाकों में भारी बारिश की संभावना जताई गई है। इसे देखते हुए बांध प्रशासन ने संबंधित जिलों के अधिकारियों को सतर्क करते हुए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिये हैं।

रामगंगा बांध खंड, कालागढ़ के अधिशासी अभियंता की ओर से 25 सितंबर 2026 को जिलाधिकारियों सहित संबंधित अधिकारियों को भेजे गए पत्र में बताया गया है कि 25 सितंबर की सुबह 8 बजे रामगंगा जलाशय का जलस्तर 358.530 मीटर दर्ज किया गया था। पत्र के अनुसार रामगंगा जलाशय को वर्तमान भंडारण संबंधी आदेशों के अनुसार 30 सितंबर तक 364.00 मीटर के जलस्तर तक भरने का प्रस्ताव है। 30 सितंबर से पूर्व जलाशय का जलस्तर 364.00 मीटर से अधिक होने की स्थिति में व्यापक निगरानी रखते हुए जल निकासी की जाएगी।



पत्र में मौसम विभाग की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा गया है कि आगामी चार से पांच दिनों के भीतर कैचमेंट क्षेत्र एवं पहाड़ी क्षेत्रों में भारी वर्षा होने की संभावना है। इसके चलते रामगंगा जलाशय का जलस्तर बढ़ सकता है और संभावित प्रवाह के कारण बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न होने की आशंका को देखते हुए पहले से सतर्कता बरतने को कहा गया है।


बांध प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि बांध से नीचे की ओर पानी छोड़े जाने की स्थिति में संबंधित अधिकारियों को समय रहते वायरलेस, दूरभाष और ई-मेल के माध्यम से सूचना दी जाएगी। हालांकि पत्र में यह भी कहा गया है कि यदि परिस्थितियों के कारण पर्याप्त समय नहीं मिल पाता है तो नदी के बहाव क्षेत्र को तत्काल खाली कराने की कार्रवाई की जा सकती है। इसके लिए संबंधित विभागों को प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

बाढ़ की संभावित स्थिति को देखते हुए रामगंगा बांध के अधिशासी अभियंता की ओर से बिजनौर, मुरादाबाद, अमरोहा, रामपुर, बरेली, शाहजहांपुर और फर्रुखाबाद के जिलाधिकारियों को भी सूचना भेजी गई है। इसके अलावा सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग तथा संबंधित बांध और सिंचाई खंडों के अधिकारियों को भी पत्र की प्रतिलिपि भेजकर आवश्यक कार्रवाई के लिए अवगत कराया गया है।

इधर, शनिवार सुबह से क्षेत्र में हो रही मूसलाधार बारिश के कारण रामगंगा नदी के आसपास और संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की चिंता बढ़ गई है। एहतियात के तौर पर कुछ लोगों ने अपना सामान सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाना शुरू कर दिया है। बारिश का दौर जारी रहने पर नदी के जलस्तर और बांध के जलाशय पर नजर रखी जा रही है।

बांध प्रशासन की चेतावनी के बाद नदी के बहाव वाले क्षेत्रों में रहने वाले लोगों से सतर्क रहने और किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन द्वारा बताए गए सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की गई है। प्रशासन और संबंधित विभागों को संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने को कहा गया है।

खबर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

धारा मोटर फाईनेंन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com  dmf_bijnor@yahoo.com

# लगातार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, जलभराव ने बढ़ाई परेशानी

## बाजारों में पसरा सन्नाटा, मजदूरों के सामने रोजी-रोटी का संकट, ग्रामीण क्षेत्रों में कच्चे मकानों और पशुचारे की चिंता

**बिजनौर ( चिंगारी )।** शुक्रवार की सुबह से शुरू हुई लगातार बारिश ने जिले में जनजीवन की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया। रुक-रुककर हो रही तेज बारिश के कारण शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक जगह-जगह जलभराव की स्थिति बन गई। सड़कों, गलियों और निचले इलाकों में पानी भरने से लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर लोगों को पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ रहा है, जबकि वाहन चालकों को भी काफी दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं।

लगातार बारिश से मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया। आसमान में कई दिन से लगातार बादल छाए हुए हैं। रुक-रुककर बारिश लगातार हो रही है। वर्षा के कारण जहां लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिली, वहीं सामान्य जनजीवन प्रभावित हो गया। सड़कों पर रोजाना की अपेक्षा कम भीड़ दिखाई दी। सार्वजनिक स्थानों, बाजारों और प्रमुख मार्गों पर भी लोगों की आवाजाही काफी कम रही।

लगातार बारिश के कारण शहर के निचले इलाकों में पानी जमा हो गया। कई मोहल्लों की गलियों में जलभराव के कारण पैदल चलने वालों को परेशानी हुई। दोपहिया वाहन चालकों को भी पानी से होकर गुजरना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश के दौरान जल निकासी की समस्या हर बार सामने आती है। लोगों ने संबंधित विभाग से नालियों की नियमित सफाई और जल निकासी की बेहतर व्यवस्था कराने की मांग की है। बारिश का पानी सड़कों पर जमा होने से दुकानों और प्रतिष्ठानों तक पहुंचने में भी लोगों को परेशानी हुई। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि बारिश इसी तरह जारी रही तो जलभराव की समस्या और गंभीर हो सकती है। लगातार बारिश का सबसे अधिक असर दिहाड़ी मजदूरों पर दिखाई दिया। रोज कमाने और रोज खाने वाले मजदूर बारिश के कारण काम पर नहीं जा सके। सुबह काम की तलाश में निकलने वाले मजदूरों को भी मौसम देखकर वापस लौटना पड़ा। निर्माण कार्य, भवन निर्माण, पेंटिंग, मजदूरी और अन्य दैनिक कामों से जुड़े लोगों के सामने आय का संकट खड़ा हो गया है।

मजदूरों का कहना है कि एक दिन काम नहीं मिलने का सीधा असर उनके घर के खर्च पर पड़ता है। बारिश के कारण कई दिनों तक काम प्रभावित होने पर परिवार का राशन और अन्य जरूरी खर्च जुटाना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में लगातार बारिश उनके लिए राहत के बजाय परेशानी का कारण बन रही है।



### गर्मी से मिली राहत, एसी और कूलर हुए बंद

लगातार बारिश से तापमान में गिरावट महसूस की गई। पिछले दिनों की गर्मी और उमस से परेशान लोगों ने बारिश के बाद राहत की सांस ली। घरों में एसी और कूलर का इस्तेमाल काफी कम हो गया। मौसम सुहावना होने से कुछ लोगों ने बारिश का आनंद भी लिया, लेकिन लगातार बारिश के कारण कई परिवारों की दिनचर्या पूरी तरह बदल गई।

बुजुर्गों और बच्चों ने भी मौसम में बदलाव महसूस किया। हालांकि, लगातार बारिश से सड़कों और घरों के आसपास नमी बढ़ने के कारण लोगों को अन्य परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### गांवों में बारिश बनी राहत के साथ आफत

ग्रामीण क्षेत्रों में बारिश को लेकर लोगों की प्रतिक्रिया मिली-जुली रही। किसानों के लिए बारिश जहां खेतों के लिए लाभकारी मानी जा रही है, वहीं लगातार वर्षा के कारण कई अन्य समस्याएं भी सामने आने लगी हैं। कच्चे मकानों की दीवारों में नमी आने से उनके गिरने का खतरा बढ़ गया है। कई स्थानों पर कच्ची दीवारें कमजोर होकर झुकने लगी हैं।

ग्रामीणों को सबसे अधिक चिंता अपने पशुओं के चारे को लेकर है। लगातार बारिश के कारण खेतों और रास्तों में पानी भरने से चारा लाने में परेशानी हो रही है। पशुपालकों का कहना है कि यदि बारिश इसी तरह जारी रही तो पशुओं के लिए हरे चारे की व्यवस्था करना मुश्किल हो सकता है।

### कच्चे मकानों में रहने वालों की बढ़ी चिंता

**लगातार बारिश ने कच्चे मकानों में रहने वाले परिवारों की चिंता बढ़ा दी है। मिट्टी की दीवारों में पानी समाने के कारण कई मकान कमजोर पड़ने लगे हैं। ग्रामीण रात के समय भी अपने मकानों की स्थिति पर नजर रख रहे हैं। जिन परिवारों के मकान पहले से जर्जर हैं, उन्हें सबसे अधिक चिंता सता रही है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन को ऐसे परिवारों की स्थिति का जायजा लेकर आवश्यक सहायता उपलब्ध करानी चाहिए, ताकि किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके।**

### बाजार रहे सुनसान, दुकानदार भी मायूस

**बारिश का असर बाजारों पर भी साफ दिखाई दिया। सामान्य दिनों में जहां बाजारों में ग्राहकों की भीड़ रहती है, वहीं बारिश के कारण अधिकांश दुकानों पर सन्नाटा पसरा रहा। कई दुकानदारों ने मौसम को देखते हुए दुकानें ही नहीं खोलीं। जिन दुकानदारों ने दुकानें खोलीं, वे भी ग्राहकों का इंतजार करते नजर आए। बारिश के कारण लोग आवश्यक सामान की खरीदारी के लिए ही घरों से बाहर निकले।**

### अब ग्रामीण कर रहे बारिश थमने की प्रार्थना

**शुरुआत में गर्मी से राहत देने वाली बारिश अब ग्रामीण क्षेत्रों में परेशानी का कारण बनने लगी है। खेतों और जलस्रोतों के लिए बारिश को उपयोगी मानने वाले ग्रामीण भी लगातार वर्षा से चिंतित नजर आ रहे हैं। उनका कहना है कि अब बारिश थमनी चाहिए, ताकि खेतों में काम शुरू हो सके और जनजीवन सामान्य हो सके। फिलहाल आसमान में बादल छाए हुए हैं और बारिश का दौर जारी है। लोगों की नजर मौसम के अगले मिजाज पर टिकी है। शहर में जहां लोग जलभराव और आवागमन की समस्या से परेशान हैं, वहीं ग्रामीण इलाकों में कच्चे मकानों, पशुचारे और रोजमर्रा के कामकाज को लेकर चिंता बनी हुई है।**

## अब बस भी करो भगवान बारिश से सब परेशान

**किरतपुर ( चिंगारी )। कल सुबह से लगातार हो रही बारिश के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है, लोग अब भगवान से मौसम साफ करने की प्रार्थना करने लगे हैं। कल से लगातार बारिश होने के कारण रेहड़ी-पटरी वाले और तो और दुकानदार भी परेशान हैं। रेहड़ी-पटरी पर व्यापार करने वाले तो बिल्कुल ही परेशान नजर आ रहे हैं। बारिश के कारण उनकी रेहड़ी नहीं लग पा रही है। दुकानदार भी ग्राहक नहीं होने के कारण परेशान हो गए हैं। उधर किसान लगातार बारिश से खुश तो हैं, मगर भगवान से प्रार्थना कर रहे हैं की तेज हवा मत चला देना नहीं तो मूंजी व गन्ने की फसल गिर जाएगी। जगह-जगह जल भरने से समस्या भी हो गई है। राहगीरों को चलने में भारी परेशानी हो गई है। रेढ़ी व रोजाना मजदूरी करके पेट भरने वालों को ज्यादा परेशानी हो रही है, क्योंकि उनका काम बंद हो गया है। लगातार हो रही बारिश के कारण शुगर मिलों, क्रेशर और कोल्हूओं का संचालन भी लेट हो सकता है। लगातार बारिश के कारण बाजार में गिनी-चुनी दुकान ही खुली हैं।**



# सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ, पर्यूषण पर्व समाप्त

## जैन समाज की विभूतियों को सम्मानित किया

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर के मोहल्ला गुजरातियान स्थित श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन पचायती मंदिर एवं श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में आयोजित पर्यूषण पर्व का जैन मिलन युगल की ओर से शुभ मंडप में शनिवार की देर शाम आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समापन हो गया है । भारी वर्षा के बावजूद बहुत बड़ी संख्या में जैन धर्मावलंबी परिवारों ने अपनी सहभागिता की। इस अवसर पर भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री वीर पंकज जैन तथा भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय संयोजक वीरांगना सीमा जैन के अलावा भारतीय जैन मिलन की राष्ट्रीय


प्रदीप जैन शास्त्री को सम्मानित करते हुए अभिषेक जैन ।

कार्यकारिणी के सदस्य वीर संजय जैन को 'समाज रत्न' की गौरवशाली उपाधि से विभूषित कर सम्मानित किया गया। जबकि समाजसेवी अभिषेक जैन द्वारा जैन धर्म से संबंधित कार्यक्रमों के विचारक एवं प्रचारक प्रदीप कुमार जैन शास्त्री को सम्मानित करते हुए आध्यात्मिक क्षेत्र की विशिष्टतम विभूति की उपाधि प्रदान की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ पलक जैन द्वारा प्रस्तुत किए गए मंगलाचरण से किया गया।

इसके बाद अनविक अनद और अनिका, अश्विक जैन, अद्विक जैन तथा मोक्ष जैन ने मंदिर जी में घंटा बाजे, पवनी जैन ने गुरु वंदना, लब्धि जैन तथा मोक्षिता जैन, सिद्धि जैन ने तांडव नृत्य, ईशानी जैन तथा आन्या जैन, प्रिषा जैन, आरोही अग्रवाल, पाखी जैन ने आया पर्व पर्युषण, कुंज जैन, तनुष जैन, प्रणब जैन, आरना जैन तथा तान्या जैन, मानसी जैन तथा अंजलि जैन ने दसलक्षण पैरोडी ,दर्शनी जैन ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

इस अवसर पर दसलक्षण पर्व के अंतर्गत समर्पित योगदान देने वाले निखिल जैन, आयुष जैन, दीपक जैन, मनोज जैन, पंकज जैन, सुधाकर जैन, सार्थक जैन, चिराग जैन, अजय जैन, मार्दव जैन, अनिल जैन, प्रवीन जैन, अभिषेक जैन, करुणा निधि जैन, नमन जैन, अमन जैन, प्रशांत जैन, अभिषेक जैन, अरुण जैन, सम्यक जैन, अतिशय जैन, सुगम जैन, ऋषभ जैन, उदित जैन, यश जैन, अभिनव जैन, वंदित जैन, सार्थक जैन, कुमुद जैन, चंचल जैन, ममता जैन, राखी जैन, बबीता जैन, अपूर्वी जैन, चारू जैन, मधु जैन, रिचा जैन, अमिता जैन, साक्षी जैन, प्रगति जैन, पलक जैन, रीटा जैन, हनी जैन, रति जैन, पारीशा जैन, अंजलि जैन, मानसी जैन, मनीषा जैन, अंकिता जैन, प्रगति जैन, अल्पना जैन, पारुल जैन, आरूषी जैन, शिल्पी जैन, आरती जैन, सीमा जैन, अंजना जैन आदि को भी सम्मानित किया गया। समारोह का संचालन वीर मार्दव जैन तथा वीर शुभम जैन ने संयुक्त रूप से किया।

---

# गर्भवती महिलाओं को गोद भराई एवं बच्चों के अन्न प्राशन की जानकारी दी



## सुमंगल मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन

**धामपुर ( चिंगारी )।** विकास खंड अल्हैपुर धामपुर में सेवा मेरा योगदान के अंतर्गत तीसरे दिन बाल विकास परियोजना में सुमंगल मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती रश्मि शर्मा रावत, प्रदेश महामंत्री (महिला मोर्चा) भाजपा व श्रीमती क्षमा हेमलता चौहान, ब्लॉक प्रमुख धामपुर उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण तथा सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई, बच्चों का अन्नप्राशन और पोषण से निर्मित व्यंजनों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सीडीपीओ शोभा वर्मा, सुपरवाइजर व आंगनबाड़ी कार्यकत्री उपस्थित रहीं। सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, समाज कल्याण, ग्राम विकास, पंचायती राज, राजस्व और खाद्य रसद विभाग के अधिकारी/कर्मचारियों ने भी प्रतिभाग किया। इस अवसर पर सुपरवाइजर रचना रानी, मानसी व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सोनिया, पवन देवी, कविता देवी, रेनू, बीना देवी, सुनीता रानी, ममता चौहान आदि मौजूद रहीं।

---

# मॉडर्न लॉ कॉलेज में हुई सामान्य ज्ञान और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता

**धामपुर ( चिंगारी )।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 'सेवा की कहानी' कार्यक्रम के तहत जेके मॉडर्न लॉ कॉलेज में 'मेरे सपनों का भारत' विषय पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरमैन जितेंद्र कुमार, चेयरपर्सन श्रीमती कनक चौहान एवं प्राचार्य प्रदीप राठौर द्वारा किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि भारत के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण युवा शक्ति की प्रतिभा, सकारात्मक सोच और राष्ट्र के प्रति समर्पण से ही संभव है। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सुमेरा खातून, द्वितीय स्थान मोहम्मद अयान, तृतीय स्थान मोहम्मद आतिश ने प्राप्त किया। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सुमेरा खातून, द्वितीय स्थान अंकित उपाध्याय, तृतीय स्थान शनि गोस्वामी ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान चेयरमैन जितेंद्र कुमार, चेयरपर्सन श्रीमती कनक चौहान प्राचार्य प्रदीप राठौर ने 'मेरे सपनों का भारत' की संकल्पना को साकार करने में युवाओं की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए।

---

# वन्दे मातरम गायन मातृभूमि के प्रति सम्मान की अभिव्यक्ति करता है : दिनेश शर्मा

## पुष्पा बढेरा विद्या मंदिर में वन्दे मातरम का हुआ गान

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** ढालवाला स्थित पुष्पा बडेरा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा प्रेरित नमामि भारतम के तहत वंदे मातरम सामूहिक गायन कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष मुनि की रेती नीलम बिजलवान, कार्यक्रम संयोजक विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय बडोनी, कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. दिनेश शर्मा, कार्यक्रम साक्षी अधिकारी आयुर्वेद चिकित्सक डॉ शशि जोशी, प्रबंध समिति के अध्यक्ष चंद्रवीर पोखरियाल, द्वारा मां भारती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम संयोजक विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय बडोनी ने कहा कि वंदे मातरम गीत मातृभूमि को मां के रूप में पुकारता है, यह पोषण, प्रेम, सौहार्द, संरक्षण एवं त्याग का प्रतीक है। वंदे मातरम सामूहिक गान सामाजिक एकता, बंधुत्व, समानता एवं मानवता की शिक्षा देता है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष मुनि की रेती, सत्यापन अधिकारी नीलम बिजलवान ने कहा कि वंदे मातरम




सामाजिक उत्थान और स्वदेशी भाव का मार्गदर्शक है, राष्ट्र व समाज व्यक्तिगत लाभ से बढ़कर है। कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. दिनेश शर्मा ने संदेश दिया कि वंदे मातरम गायन मातृभूमि के प्रति सम्मान की अभिव्यक्ति करता है। कार्यक्रम में हर्षमणि व्यास, संतोष पांथरी, भास्कर बिजल्वान, गजेंद्र उनियाल, डॉ. विनय बरमोडा, अनिल कुकरेती, विशाल मणि पैन्यूली, राकेश पुरी, वीरेंद्र किशोर, दिनेश चंद्र सकलानी अनीता भट्ट, नवनीश शर्मा, प्रभाकर भट्ट, सुनील कुमार राजपूत, आशीष चौहान, दिवी शंकर नैथानी, बिशन सिंह नेगी, कीर्ति दत्त नौटियाल, कुलदीप सजवान, नरेश सिंह पुंडीर, विपिन डोभाल, आशीष, ममता काला, रमेश गुनसोला आदि उपस्थित रहे।

---

# हंगामा लोक समिति द्वारा किया गया गणपति मूर्ति का विसर्जन

**धामपुर ( चिंगारी )।** हंगामा लोक सामाजिक, साहित्य समिति के संरक्षक डॉ जितेन्द्र कौशिक, निर्मला कौशिक, संस्था की संस्थापिका राखी कौशिक, उपासना कौशक द्वारा समिति के सदस्य राजेन्द्र शर्मा, शशिबाला शर्मा, सुदेश शर्मा, वैष्णवी आदि द्वारा ग्यारह दिवसीय गणपति महोत्सव के समापन पर हरिद्वार में गणपति मूर्ति का विसर्जन किया गया। ब्लाक प्रमुख हेमलता चौहान, श्री गणेश चौथ समिति के संयम जैन, राजेन्द्र शर्मा, शशिबाला शर्मा, नवकेतन शर्मा, गौरव शर्मा, हिरदेश भारद्वाज, अक्षय सैनी,तारा सैनी, डॉ. शकर दत्त भारद्वाज, डॉ. नदीम खान, गौरव चन्द्रा, खुशी, कान्हा, मिष्टि, केशव, भावना, सन्ध्या, अंजलि, रोहित आदि को सम्मानपत्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में तारा जोशी, तुलसी जोशी, सुनीता गोस्वामी, अनिता शर्मा, शीतल शर्मा, मानु शर्मा, आशा, विमला भटनागर, ललिता, गरिमा, आरती अग्रवाल, तनु वर्मा, आंनदी, रजनी रस्तोगी, रौनक,उषा, नवचेतन शर्मा, गौरव दुबे, यतेश मित्तल, सृष्टि, जिया, पूनम वर्मा, रानी सैनी आदि उपस्थित रहे।

---

# दाद इलाही भूमि से गेट गिराने का दो पर आरोप

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर के मोहल्ला पहाड़ी दरवाजा में भूमि से गेट गिराये जाने का मामला सामने आया है। इस मामले में पीड़ित शफात हुसैन ने बताया कि वह पांच भाइयों में सबसे बड़े हैं । उक्त भूमि को उनके भाई अपनी दादिलाई भूमि बताते हैं। जबकि उन्होंने वर्ष 1949 के बैनामें के आधार पर भूमि पर अपना दावा होने की बात कही है। आरोप है कि बीती देर शाम उक्त भूमि से गेट गिरा दिया गया। शफात हुसैन ने सगीर नामक व्यक्ति सहित दो लोगों पर गेट गिराने का आरोप लगाया है। मामले की शिकायत पुलिस से की गई है पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# चक्रवात के असर से बिजनौर में भारी बारिश का अलर्ट

## प्रशासन ने संवेदनशील इलाकों में बढ़ाई निगरानी, रावली बांध, खो नदी और गंगा के जलस्तर का लिया जायजा

**बिजनौर (चिंगारी)।** बंगाल की खाड़ी से उठे चक्रवात अर्नब (डीप डिप्रेशन) के प्रभाव के चलते जनपद में मौसम खराब रहने तथा तेज हवाओं के साथ भारी बारिश और गरज-चमक की संभावना को देखते हुए अलर्ट जारी किया गया है। प्रशासन ने संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाते हुए अधिकारियों को लगातार स्थिति पर नजर रखने के निर्देश दिये हैं। जिलाधिकारी के निर्देशन में शनिवार को अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), सभी तहसीलों के उपजिलाधिकारी और जिला आपदा विशेषज्ञ ने अपने-अपने क्षेत्रों का भ्रमण कर हालात का जायजा लिया। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ने रावली बांध और गलखा देवी मंदिर का निरीक्षण किया। दोनों स्थानों पर स्थिति सामान्य पाई गई। चांदपुर तहसील क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के मद्देनजर उपजिलाधिकारी ने राजस्व कर्मियों के साथ बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों और जलीलपुर-हस्तिनापुर मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान मार्ग पर आवागमन सुचारू मिला और गंगा नदी का जलस्तर भी सामान्य पाया गया।



### खो नदी और गंगा के जलस्तर की जांच

नगीना तहसील क्षेत्र में उपजिलाधिकारी ने खो नदी के जलस्तर का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नदी का जलस्तर सामान्य मिला। वहीं, नजीबाबाद तहसील क्षेत्र में ऑरेंज अलर्ट को देखते हुए नदी किनारे बसे संवेदनशील गांवों का निरीक्षण किया गया। यहां भी स्थिति सामान्य पाई गई।

### हर तीन घंटे में दी जा रही मौसम संबंधी सूचना

प्रशासन की ओर से लगातार हो रही बारिश को लेकर सतर्क निगरानी रखी जा रही है। ग्राम चौपाल के माध्यम से प्राप्त एडवाइजरी के अनुसार आमजन को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। जनपद स्तर पर स्थापित कंट्रोल रूम के माध्यम से प्रत्येक तीन घंटे में अधिकारियों, ग्राम प्रधानों और आपदा मित्रों को वर्षा संबंधी सूचना दी जा रही है।

### नुकसान होने पर कंट्रोल रूम को दें सूचना

**प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि अतिवृष्टि या बाढ़ के कारण किसी प्रकार की क्षति होने पर तत्काल इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर (कंट्रोल रूम) को सूचना दें। इसके लिए 01342-262031 और 01342-268295 नंबर जारी किए गए हैं।**

# भगत सिंह जयंती पर कल निकलेगी तिरंगा यात्रा



**बिजनौर (चिंगारी)।** शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह की जयंती के अवसर पर सरदार भगत सिंह स्मारक एवं शिव मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में भव्य कार्यक्रम एवं तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष चौधरी मुनेश कुमार ने बताया कि 28 सितंबर दिन सोमवार को कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात: 8:30 बजे दीप प्रज्वलन एवं राष्ट्रगान के साथ होगा। इसके पश्चात प्रात: 9 बजे भव्य तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मेजर जनरल अजीत सिंह गहलोत, सेना मेडल उपस्थित रहेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथियों के रूप में डॉ. मेजर अभिनव सिंह एवं श्री राहुल बंसल (एस.पी. कॉलेज) सहित अन्य गणमान्य अतिथि कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम का मुख्य सहयोगी महात्मा विदुर पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन, बिजनौर, उत्तर प्रदेश रहेगा। तिरंगा यात्रा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज से प्रारंभ होकर निर्धारित मार्ग से होते हुए शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह स्मारक स्थल तक पहुंचेगी। स्मारक स्थल पर शहीद भगत सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी तथा कार्यक्रम का समापन होगा।




# सलीम बने अध्यक्ष, अंकुर चुने गये सचिव



**बिजनौर (चिंगारी)।** जनपद न्यायालय में वैयक्तिक सहायक एवं स्टेनोग्राफर संघ की बिजनौर ईकाई की कार्यकारणी का गठन करते हुए सलीम को अध्यक्ष एवं अंकुर को सचिव चुना गया।

शनिवार को व्यैक्तिक सहायक एवं स्टेनोग्राफर संघ, जनपद ईकाई बिजनौर की एक आम सभा आहूत की गई, जिसमें जनपद न्यायालय में कार्यरत व्यैक्तिक सहायक एवं स्टेनोग्राफर उपस्थित रहे। सभा में संघ के संरक्षक सतेंद्र व्यैक्तिक सहायक द्वारा व्यैक्तिक सहायक एवं स्टेनोग्राफर संघ की जनपद ईकाई बिजनौर की पूर्व कार्यकारिणी का कार्यकाल पूर्ण होने के कारण कार्यकारिणी भंग किए जाने की घोषणा की। तदोपरांत सर्वसम्मति से नवीन कार्यकारिणी के गठन की कार्यवाही संपन्न की गई, जिसमें सर्वसम्मति से सतेंद्र संरक्षक, सलीम अध्यक्ष, अंकुर सचिव, सरल कोषाध्यक्ष, यश सहकोषाध्यक्ष, विकास नगीना उपकोषाध्यक्ष, सुश्री अर्चिता वरिष्ठ उपाध्यक्ष, श्रीमती बरखा एवं श्रीमती लोचन उपाध्यक्ष, उपसचिव जीत सिंह, सुश्री सारजू प्रचार मंत्री, सुश्री राजवंत संगठन मंत्री, रश्मि सांस्कृतिक सचिव, विक्रांत संयुक्त सचिव, सुश्री हिमानी एवं सुश्री मनाली प्रशासनिक सचिव, रजनीश ऑडिटर, मोहित मीडिया प्रभारी आदि पदों पर चुना गया, बाकी सभी को सदस्य के पद पर चुना गया।

# यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में 'मटिहार' ने मचाई धूम

## माटी की डायरेक्टर डा. अंकिता राजपूत के निर्देशन में लगा स्टॉल



**नांगल सोती (चिंगारी)।** ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2026 (चौथे संस्करण) में माटी संस्था द्वारा प्रमोटेड होम डेकोर एवं हैंडमेड प्रोडक्ट्स ब्रांड मटिहार ने जनपद बिजनौर का प्रतिनिधित्व किया है। माटी संस्था की डायरेक्टर डा. अंकिता राजपूत ने बताया कि मटिहार ने अपने स्टॉल के माध्यम से बिजनौर जिले की रचनात्मकता, हस्तनिर्मित कला एवं स्थानीय कौशल को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय व्यापारिक मंच पर प्रस्तुत किया है। स्टॉल पर पेबल आर्ट, हैंड-पेंटेड प्रोडक्ट्स, हैंडमेड बैग्स, टेराकोटा तथा अन्य हस्तनिर्मित होम डेकोर उत्पादों को प्रदर्शित किया गया है। उन्होंने बताया कि मटिहार का उद्देश्य प्राकृतिक एवं हस्तनिर्मित सामग्री को आधुनिक डिजाइन के साथ जोड़कर स्थानीय कला एवं कौशल को बाजार से जोड़ना है।

### पहले दो दिनों में बी 2बी खरीदारों से मिला उत्साहजनक रिस्पॉन्स

माटी संस्था की डायरेक्टर डा. अंकिता राजपूत ने बताया कि प्रदर्शनी के शुरुआती दो दिनों में ही मटिहार के उत्पादों को बिजनेस-टू-बिजनेस (बी2बी) खरीदारों, व्यापारिक प्रतिनिधियों और संभावित ग्राहकों से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली है। उत्पादों के डिजाइन, गुणवत्ता और हस्तनिर्मित स्वरूप को लेकर कई खरीदारों ने रुचि दिखाई तथा संभावित ऑर्डर और व्यापारिक सहयोग को लेकर बातचीत की।

**मटिहार का यह प्रदर्शन न केवल ब्रांड के लिये नये व्यापारिक अवसरों का मार्ग खोल रहा है, बल्कि बिजनौर की स्थानीय कला और हस्तनिर्मित उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मंच पर पहचान दिलाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है।**

# चंद लम्हों का गुस्सा, उम्रभर का मातम

## झालू के रचित और शामिक हत्याकांड ने उजाड़ दिए कई घर

## दो युवकों की मौत के साथ एक दर्जन से अधिक परिवारों का जीवन हुआ नरक

-मरगूब रहमानी

बिजनौर। कभी-कभी गुस्सा महज कुछ मिनटों का होता है, लेकिन उसका दर्द पूरी जिंदगी पीछा करता है। एक छोटी-सी कहासुनी, कुछ तीखे शब्द और फिर हाथों में हथियार... इसके बाद रह जाती हैं सिर्फ चीखें, सूनी आंखें, अदालतों के चक्कर और उन घरों की खामोशी, जहां कभी जवान बेटों की हंसी गूंजती थी। झालू के रचित और शामिक हत्याकांड इसी कड़वी सच्चाई की ऐसी दास्तान हैं, जिसे याद कर आज भी कई परिवारों की आंखें नम हो जाती हैं। मामूली कहासुनी से शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते दो युवकों की हत्या तक पहुंच गया। दो परिवारों ने अपने जवान बेटे खो दिए और कई अन्य परिवारों के बेटे सलाखों के पीछे पहुंच गए। आज इन घटनाओं के कई साल बाद भी किसी घर में बेटे की तस्वीर के सामने आंसू बह रहे हैं तो कहीं जेल में बंद बेटे की राह देखते-देखते माता-पिता की आंखें पथरा गई हैं।

यह दर्दनाक सिलसिला 5 फरवरी 2021 को शुरू हुआ। झालू के कुछ छात्रों के बीच किसी मामूली बात को लेकर कहासुनी हुई। बात बढ़ी तो छात्र दो गुटों में बंट गए। दोनों पक्षों में खींचतान चलती रही। एक गुट ने पास के गांव सिहोरा गिरधर निवासी रचित का सहारा लिया। रचित की ओर से छात्रों को धमकाए जाने के बाद दूसरे गुट का गुस्सा और भड़क गया। रचित मोबाइल फोन ठीक कराने झालू आया था। उसे क्या पता था कि यह





उसकी जिंदगी का आखिरी सफर होगा। मोबाइल की दुकान पर ही गोली मारकर उसकी हत्या कर दी गई। घटना के बाद इलाके में दहशत फैल गई। पुलिस के मुताबिक आरोपी छात्र मौके पर ही खड़े रहे और तमंचे लहराते हुए हत्या करने की शेखी बघारते रहे। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव पैदा हो गया। पुलिस ने स्थिति को संभालते हुए 11 छात्रों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। रचित की हत्या के मामले में जेल गए झालू निवासी शहबर के भाई शामिक की बिजनौर में कृष्णा कॉलेज के सामने सड़क पर गोली मारकर हत्या कर दी गई। शामिक कृष्णा कॉलेज में बीबीए का छात्र था। आरोपी यश उर्फ उमंग भी उसी कॉलेज में पढ़ता था। जिस विवाद ने रचित की जान ली थी, उसकी तपिश में अब शामिक का परिवार भी झुलस गया।

शामिक के परिवार का दर्द शायद शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता। परिवार में दो भाई और तीन बहनें थीं। एक भाई शामिक की हत्या हो गई, जबकि दूसरे भाई शहबर को रचित हत्याकांड में उम्रकैद की सजा सुनाई गई। मां-बाप के लिए इससे बड़ा दुख और क्या होगा कि उनके दो जवान बेटे—एक इस दुनिया में नहीं रहा और दूसरा सलाखों के पीछे जिंदगी काट रहा है। घर में जब कभी दोनों भाइयों की याद आती होगी तो शायद सवाल भी उठता होगा—अगर उस दिन गुस्सा थम गया होता, अगर किसी ने एक कदम पीछे खींच लिया होता, अगर वह कहासुनी वहीं खत्म हो गई होती... तो क्या आज यह घर ऐसा होता?

### गुस्से के कुछ पल... और जिंदगीभर की सजा

रचित और शामिक की कहानियां सिर्फ दो हत्याओं की कहानी नहीं हैं। ये उन परिवारों की कहानी हैं, जिनकी जिंदगी में इन घटनाओं के बाद कुछ भी पहले जैसा नहीं रहा। दो जवान जिंदगी खत्म हुईं। कई युवक जेल पहुंच गए। एक आरोपी ने आत्महत्या कर ली। माता-पिता ने बेटे खोए। बहनों ने भाइयों को खोया। किसी घर में तस्वीर के सामने आंसू हैं तो किसी घर में जेल की सलाखों के पीछे बंद बेटे की चिंता।

## बच्चों की गलती की घरवालों ने भी भुगती सजा



रचित हत्याकांड में अदालत ने 13 अगस्त 2025 को 11 युवकों को उम्रकैद की सजा सुनाई। ये सभी बरेली सेंट्रल जेल में सजा काट रहे हैं। अदालत का फैसला कानूनी प्रक्रिया का अंत हो सकता है, लेकिन इन परिवारों के दुख का नहीं। जिन घरों के बेटे जेल गए, वहां भी वर्षों से एक अलग तरह का मातम है। मुकदमे की पैरवी में परिवारों की आर्थिक स्थिति कमजोर हो गई है। अदालतों के चक्कर, वकीलों का खर्च और बेटे के भविष्य की चिंता—इन सबने परिवारों को भीतर तक तोड़ दिया। इन 11 सजायाफ्ता युवकों में शामिक का भाई शहबर भी शामिल है। उधर रचित के परिवार की आंखें भी आज तक नम हैं रचित के घर में भी उसकी यादें आज तक जिंदा हैं। शामिक की हत्या के आरोपियों का जीवन भी इस घटना के बाद पूरी तरह बदल गया। आरोपी रोहन ने जमानत मिलने के बाद आत्महत्या कर ली। वहीं दूसरे आरोपी यश उर्फ उमंग को हाल ही में अदालत ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। उमंग अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था। उसकी तीन बहनें हैं। जब अदालत ने उसे उम्रकैद की सजा सुनाई तो परिवार पर जैसे एक और पहाड़ टूट पड़ा। माता-पिता और तीनों बहनों का रो-रोकर बुरा हाल था। एक तरफ जवान बेटे की उम्रभर की सजा का दर्द, दूसरी तरफ यह सवाल कि आखिर वह घड़ी क्यों आई जब एक छोटी-सी कहासुनी ने पूरे परिवार के भविष्य पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया।

## लगातार वर्षा से बुरी हुई गत, हरपुर में भरभराकर गिरी कच्चे मकान की छत



### बड़ा हादसा टला, कोई जनहानि नहीं

**नहटौर ( चिंगारी )।** क्षेत्र में रुक-रुक कर हो रही बारिश अब ग्रामीणों के लिए आफत का सबब बन गई है। शनिवार को ग्राम हरपुर में उस समय एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। जब बारिश के कारण एक व्यक्ति के कच्चे मकान की छत अचानक भरभराकर गिर गई। गनीमत रही कि हादसे के वक्त कमरे में कोई मौजूद नहीं था, जिससे बड़ी जनहानि होने से बच गई। ग्राम हरपुर निवासी चरन सिंह शनिवार को अपने परिवार के साथ घर के मुख्य हिस्से में बैठे हुए थे। इसी दौरान उनके मकान से सटे दूसरे कच्चे कमरे की छत लगातार हो रही बारिश की वजह से जलभराव और सीलन के कारण अचानक धराशाई हो गई। छत गिरते ही मौके पर तेज आवाज के साथ मलबे का ढेर लग गया। कच्ची छत के कई भारी सोट ( गहने/शहतीर) नीचे आ गिरे। हादसे में कमरे के भीतर रखा घरेलू का सामान मलबे में दबकर खराब हो गया। पीड़ित चरन सिंह ने घटना की सूचना तत्काल तहसील प्रशासन और हल्का लेखपाल को दी। हल्का लेखपाल राहुल ने बताया कि पीड़ित द्वारा मकान की छत गिरने की सूचना दी गई है। शनिवार को बारिश के कारण मौके पर नहीं जाया जा सका। रविवार को घटनास्थल का निरीक्षण कर नुकसान का आंकलन किया गया। रिपोर्ट बनाकर उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी, ताकि पीड़ित को नियमानुसार आर्थिक सहायता दिलाई जा सके। उधर, क्षेत्र में लगातार हो रही रुक-रुक कर बारिश से अन्य ग्रामीणों में भी कच्चे और जर्जर मकानों को लेकर डर का माहौल बना हुआ है।

## सीसीटीवी में कैद हो रही चोरी की घटनाएं, फिर भी चोर पुलिस की पकड़ से दूर

**नगीना ( चिंगारी )।** नगर में चोरी की छोटी-बड़ी घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। कई घटनाओं के सीसीटीवी कैमरों में कैद होने के बावजूद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से लोगों में पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर चिंता है। ताजा मामला पंजाबी कॉलोनी का है, जहां सुबह करीब 4:45 बजे एक व्यक्ति व्यापारी हर्ष गोयल के घर के बाहर रखा ब्यूटी पार्लर का बोर्ड उठाकर ले गया। पूरी घटना घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।



एक घर के बाहर रखे बोर्ड को उठाकर ले जाता व्यक्ति सीसीटीवी कैमरे में कैद।

सीसीटीवी फुटेज में व्यक्ति बोर्ड लेकर जाता दिखाई दे रहा है। घटना के बाद कॉलोनी के लोगों में नाराजगी है। लोगों का कहना है कि नगर में इससे पहले भी दुकान से सूट और आर्टिफिशियल ज्वेलरी चोरी किए जाने की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो चुकी है। इसके बावजूद घटनाओं का खुलासा नहीं हो सका है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से व्यापारियों और नगरवासियों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ रही है। लोगों ने पुलिस से सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई करने और पूर्व में हुई घटनाओं का भी जल्द खुलासा करने की मांग की है। सी ओ राजेश सोलंकी का कहना है कि आरोपियों को जल्द पकड़ लिया जाएगा।

# विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर विजन कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन

नजीबाबाद (चिंगारी)। विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर विजन कॉलेज, नजीबाबाद एवं अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन तथा फार्मालॉजी हेल्थ फाउण्डेशन के सहयोग से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि मुरादाबाद मंडल के डीएलए पूरन चंद्र व अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों को को शॉल ओढ़ाकर तथा पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि फार्मेसी केवल रोजगार का माध्यम नहीं, बल्कि रोगियों की सेवा व समाज के स्वास्थ्य संरक्षण का महत्वपूर्ण क्षेत्र है। उन्होंने विद्यार्थियों से ईमानदारी,




विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर सम्मानित किये गये विद्यार्थी।

अनुशासन व निरंतर अध्ययन के साथ अपने ज्ञान का उपयोग जनसेवा में करने का आह्वान किया। इसके साथ ही अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि एक कुशल फार्मासिस्ट बनने के लिए विषयगत ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक दक्षता, नैतिक मूल्यों व मरीजों के प्रति संवेदनशीलता आवश्यक है। साथ ही उन्होने अपने संगठन के कार्यों एवं फार्मासिस्टों के लिए अपने सहयोग व प्रशासन को फार्मासिस्टों की समस्याओं से अवगत कराने के अपने मिशन का उल्लेख किया। विजन कॉलेज के निदेशक डॉ0 मौ0 अय्यूब ने कहा कि विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता व ज्ञान को सकारात्मक दिशा में लगाकर फार्मेसी के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन कॉलेज के पूर्व शिक्षक अनुज कुमार एवं श्रीमती हर्षा सागर एवं वर्तमान में कॉलेज की फैकल्टी के सदस्य द्वारा किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के सभी विद्यार्थियों ने रंगोली, पोस्टर एवं क्विज प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी रचनात्मकता, ज्ञान व प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं के बाद सभी प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मोबीन हसन, आयुष डेरन, हर्ष, मन्तशा जैदी, मौ. गुफरान काजी, कु. अनुशा सिद्दीकी, कु. विदुषी, जावेद हमीद, सुशील आदि के विशेष सहयोग रहा।

## सेवा संकल्प अभियान के तहत पोस्टर, भाषण व रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन

नजीबाबाद (चिंगारी)। राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज, साहनपुर में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत छात्राओं में रचनात्मकता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 'मेरा भारत विकसित भारत 2047' विषय पर पोस्टर, भाषण एवं रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। छात्राओं ने अपने पोस्टर, भाषण एवं रंगोली के माध्यम से वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र के रूप में देखने की अपनी कल्पनाओं को प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा भागूवाला मंडल उपाध्यक्ष श्रीमती गायत्री निराला एवं विद्यालय की अध्यापिकाएं श्रीमती अर्चना, श्रीमती योगिता गुप्ता डॉ. अर्चना, श्रीमती कुसुम लता ने छात्राओं की प्रस्तुतियों का अवलोकन कर प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र वितरित कर सम्मानित किया। प्रतियोगिताओं में अलीशा, शिवानी, माही, नूरजहां, नव्या पंवार, अक्सा, रीतिका, कक्षा 6 अरुणा, अलशिफा, नूरजहां, मेहरीन व खुशी धीमान ने स्थान पाया।

## श्रीनगर से लापता हुआ पीआरडी जवान नजीबाबाद में सकुशल मिला

**नजीबाबाद ( चिंगारी )। साहनपुर पुलिस चौकी की सतर्कता से श्रीनगर पौड़ी गढ़वाल से लापता हुआ पीआरडी का जवान सकुशल मिल गया। पुलिस को 26 सितम्बर को देर रात चौकी क्षेत्र में हाईवे किनारे एक संदिग्ध व्यक्ति मिला। चौकी प्रभारी कुलवीर सिंह ने पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर उससे पूछताछ कर उसकी पहचान के संबंध में जानकारी ली। जांच में व्यक्ति ने अपना नाम राहुल बडोनी पुत्र थानेश्वर प्रसाद बड़ोनी निवासी पौड़ी गढ़वाल उत्तराखंड बताया। राहुल श्रीनगर थाने में पीआरडी जवान के पद पर तैनात है। उनके लापता होने की रिपोर्ट श्रीनगर में दर्ज है। नजीबाबाद पुलिस ने तत्काल इसकी सूचना श्रीनगर पुलिस को दी। पुलिस ने बाद में राहुल को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया।**

## एनएनआईटी के कॉलेज ऑफ फार्मेसी के विद्यार्थियों का पतंजलि में औद्योगिक भ्रमण




नजीबाबाद (चिंगारी)। विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर एनजीआईसी कॉलेज ऑफ फार्मेसी, बुंदकी रोड के बीफार्म एवं डीफार्म के विद्यार्थियों के लिए पतंजलि में शैक्षणिक औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया। संस्थान के प्रबंधक निदेशक अवनीश अग्रवाल एवं कार्यकारी निदेशक अभिनव अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर विद्यार्थियों को औद्योगिक भ्रमण के लिए रवाना किया। इस औद्योगिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को फार्मास्युटिकल उद्योग की कार्यप्रणाली, औषधि निर्माण प्रक्रिया तथा गुणवत्ता संबंधी मानकों की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने उत्पादन प्रक्रिया, गुणवत्ता नियंत्रण, गुणवत्ता आश्वासन, पैकेजिंग एवं भंडारण सहित विभिन्न औद्योगिक प्रक्रियाओं का अवलोकन किया। विद्यार्थियों ने उद्योग विशेषज्ञों से महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की तथा अपने सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक अनुभव से जोड़ा। इस अवसर पर विद्यार्थियों को फार्मासिस्ट की भूमिका एवं फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री में उपलब्ध विभिन्न कार्यक्षेत्रों के बारे में भी जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक औद्योगिक गतिविधियों को समझा। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष निधि राजपूत के साथ फैकल्टी सदस्य बृज रानी, अमित कुमार, तरुण गहलोत, फबीहा नाज़ एवं हर्ष आदि उपस्थित रहे।

## भगवत मकवाना के सम्मान में भव्य अभिनंदन समारोह आयोजित

नजीबाबाद (चिंगारी)। भाजपा की पूर्व क्षेत्रीय मंत्री श्रीमती लीना सिंघल द्वारा भारत सरकार के सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष मनोनीत किए जाने तथा केंद्रीय मंत्री का दर्जा मिलने के अवसर पर भगवत प्रसाद मकवाना के सम्मान में वालिया होटल में भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सुभाष वाल्मीकि, राजीव सिसोदिया व क्षेत्रीय मंत्री श्रीमती हरजिंदर कौर को भी क्षेत्रीय पदाधिकारी के रूप में मनोनीत किए जाने पर सम्मानित किया गया। समारोह को सफल बनाने में अरविंद विश्वकर्मा, रितेश सेन, अरविंद सूद, दीपक सिसोदिया, रामपाल सिन्हा, अरविंद साल्वे, पमित, श्रीमति अंजु सिंह, श्रीमति दीपा सिंह, जयपाल सिंह, शिव कुमार जोशी, कपिल चौधरी, अमित गौतम, विष्णु कुशवाहा, कोमल सिंह हल्दिया, सरदार मनिंदर सिंह, अमित शर्मा, सभासद श्रीमति इंदू राजपूत, श्रीमति गीता राज, श्रीमति मनीषा सैनी, श्रीमति सुनीता गुप्ता एवं श्रीमती पूजा सैनी आदि का सहयोग रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन चौधरी ईशम ने किया।

## परिजनों से बिछड़े बच्चों की वापसी के बाद भी उनका पूरा ख्याल रखेगी प्रदेश की योगी सरकार

**लखनऊ ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश सरकार ने बाल संरक्षण की व्यवस्था को इस सोच के साथ मजबूत किया है कि बच्चे को केवल परिवार तक पहुंचाना ही पर्याप्त नहीं, बल्कि जरूरत के अनुसार उसकी काउंसलिंग, संरक्षण और पुनर्वास भी सुनिश्चित किया जाए। बाल हेल्पलाइन 1098 के माध्यम से संकट में फंसे बच्चों तक मदद पहुंचाने के साथ उनकी सुरक्षित वापसी और आगे की जरूरतों पर भी ध्यान दिया जा रहा है।

### काउंसलिंग से सामान्य जीवन की ओर वापसी

गुमशुदगी या संकट की परिस्थितियों से गुजरने वाले बच्चे कई बार मानसिक और भावनात्मक दबाव का सामना करते हैं। ऐसे में जरूरत के अनुसार काउंसलिंग उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बच्चे की स्थिति और जरूरत का आकलन कर उसे आवश्यक संरक्षण एवं पुनर्वास सेवाओं से जोड़ने की प्रक्रिया अपनाई जाती है। ताकि परिवार में वापसी के बाद बच्चे को सामान्य जीवन में लौटने के लिए जरूरी भावनात्मक सहारा मिल सके।

### बरामदगी के बाद भी सुरक्षा की जिम्मेदारी

एक जनवरी से एक अगस्त तक बाल हेल्पलाइन पर बच्चों से संबंधित कुल 55 हजार 791 मामले प्राप्त हुए। उनमें 51 हजार 402 मामलों का निस्तारण किया जा चुका है। इनमें बच्चों के गुम होने से संबंधित करीब 19 हजार 811 मामले शामिल रहे, जबकि 18 हजार 230 मामलों का सफलतापूर्वक निस्तारण किया गया। इसके अलावा बच्चों के मिलने से संबंधित आठ हजार 714 मामले हेल्पलाइन तक पहुंचे, जिनमें आठ हजार 335 मामलों का समाधान किया गया। सरकार का जोर अब केवल बच्चे को तलाशने तक सीमित नहीं, बल्कि उसे सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने पर भी है।

## डॉ. शाकिर खान नीमा शाखा नजीबाबाद के अध्यक्ष चुने गए



नजीबाबाद (चिंगारी)। नीमा शाखा नजीबाबाद का कासमिया इंटर कॉलेज में डॉक्टर रियाजुद्दीन की देखरेख में वार्षिक चुनाव संपन्न हुआ, जिसमें सर्वसम्मति से डॉ. शाकिर खान निर्विरोध अध्यक्ष, डॉक्टर रहमान तसलीम सचिव व डॉक्टर शादमान अनीस कोषाध्यक्ष चुने गये। सचिव रहमान तसलीम ने बताया कि जल्द ही मीटिंग कर नई कार्यकारणी की घोषणा कर दी जाएगी। पूर्व अध्यक्ष डॉ. सुलेमान सिद्दीकी ने नीमा के नए अध्यक्ष डॉ. शाकिर खान को बधाई दी। निर्वाचित अध्यक्ष द्वारा भविष्य मे निस्वार्थ सच्चे मन से सभी को साथ लेकर, सेवा भाव का प्रण लेते हुए सभी का आभार प्रकट किया गया। एसोसिएशन के मेंबर्स में डॉ. एजाज़ हैदर जैदी, डॉ. शमसुल इस्लाम, डॉ. आसिफ रज़ा, डॉ. अब्दुल बारी, डॉ. इबादुर्रहमान, डॉ. अब्दुल हक़, डॉ. मो0 हारुन, डॉ. शाकिर, डॉ. शरीफ अहमद, डॉ. सरफराज़ आलम, डॉ. फैज़ान, डॉ. कोनेन अली, डॉ. नौशाद अली, डॉ. फ़िरोज़ आलम, डॉ. मोहसिन, डॉ. जाफ़िर, डॉ. सुहैल, डॉ. अख़लद, डॉ. जहांगीर, डॉ. रशाद, डॉ. मोनिस, डॉ. फरमान, डॉ. फ़िरोज़ खान आदि मौजूद रहे।

# लगातार बारिश से पानी ही पानी जलभराव से बढ़ी परेशानी

**मंडावर (चिंगारी)।** पिछले 36 घंटों से लगातार हो रही बारिश के कारण जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया। कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति बन गई, जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के चलते सड़कें पानी से लबालब हो गईं। निचले इलाकों में पानी भरने से लोगों की मुश्किलें बढ़ गईं। कस्बे के मोहल्ला बंजारान, अचारजान, अफगानान आदि लोगों को घरों से बाहर निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ा। ग्रामीण क्षेत्रों में खेतों तक पहुंचने वाले रास्तों पर भी पानी भर जाने से किसानों की दिक्कतें बढ़ गईं।

लगातार बारिश के कारण बाजारों में भी सामान्य दिनों की अपेक्षा चहल-पहल कम दिखाई दी। बारिश के बीच जरूरी काम से घरों से निकलने वाले लोगों को जलभराव और फिसलन भरी सड़कों से होकर गुजरना पड़ा।

स्थानीय लोगों का कहना है कि जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश के दौरान हर बार यही स्थिति पैदा होती है। लोगों ने संबंधित अधिकारियों से नालियों की सफाई और जल निकासी की स्थायी व्यवस्था कराने की मांग की है, ताकि बारिश के मौसम में जलभराव की समस्या से निजात मिल सके।

लगातार बारिश का फसलों पर क्या प्रभाव पड़ेगा, यह आने वाले दिनों में मौसम की स्थिति पर निर्भर करेगा।

# 24 घंटे से लगातार हो रही बारिश से जन जीवन अस्त-व्यस्त

## सड़कें जलमग्न, बत्ती गुल


वर्षा के चलते सुनसान सड़क

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** कल सुबह से लगातार हो रही बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। गली-मोहल्ले, सड़कें, जलमग्न हो गए हैं, जबकि कल दोपहर से बिजली गुल होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा है। 24 घंटे से लगातार हुई बारिश से जहां रोज काम करके खाने वाले गरीब मजदूर लोगों के सामने रोजी-रोटी का संकट पैदा हुआ है, वहीं घर से बाहर निकलकर कामकाज को जाने वाले तमाम लोग भी अपने काम-धंधों पर न जाकर घर में ही रहने पर मजबूर हुए हैं और दिनचर्या का पूरा शेड्यूल ध्वस्त रहा है। हर तरफ पानी ही पानी दिखाई दे रहा है। शनिवार दोपहर से मानियावाला बिजलीघर क्षेत्र की बिजली गुल है। उपभोक्ता परेशान हैं क्योंकि लाइनमैन या तो मोबाइल बंद किए पड़े हैं या फोन रिसीव नहीं कर पा रहे हैं। जेई द्वारा भी बिजली न आने का कोई ठोस जवाब नहीं दिया गया है। कुल मिलाकर लोग शनिवार की रात्रि घोर अंधेरे के बीच रहने को मजबूर हुए हैं।

# दलित युवती से सामूहिक दुष्कर्म मामले में राष्ट्रीय महिला आयोग करे जांच

**अमरोहा (चिंगारी)।** हसनपुर क्षेत्र स्थित एक विधायक के चर्चित फार्म हाउस में हरियाणा की 24 वर्षीय दलित युवती के साथ कथित सामूहिक दुष्कर्म की घटना को लेकर क्षेत्र में आक्रोश है। मामले को लेकर भारतीय किसान यूनियन (संयुक्त मोर्चा) ने राष्ट्रीय महिला आयोग और उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को पत्र भेजकर मामले का स्वत: संज्ञान लेने तथा समयबद्ध एवं निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी की अध्यक्षता में ग्राम पौसरा में आयोजित किसान पंचायत में घटना की निंदा की गई। पंचायत को संबोधित करते हुए नरेश चौधरी ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, गरिमा और अधिकारों के साथ किसी भी स्तर पर समझौता स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने क्षेत्र में बड़ी संख्या में संचालित हाईटेक फार्म हाउसों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि ऊंची दीवारों, कैमरों और सुरक्षा व्यवस्था से घिरे इन स्थानों पर संदिग्ध गतिविधियों की आशंका की जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विधायक के फार्म हाउस में हुई घटना के बाद केयरटेकर और चौकीदार पर जिम्मेदारी डालकर अनभिज्ञता जताना आश्चर्यजनक है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों की जवाबदेही तथा फार्म हाउस की सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े सभी पहलुओं को जांच के दायरे में लाने की मांग की। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया राहतकर और उत्तर प्रदेश के डीजीपी को भेजे गए प्रार्थना-पत्र में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की प्रासंगिक धाराओं के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई, फॉरेंसिक साक्ष्यों के तत्काल संरक्षण तथा घटना में शामिल सहयोगियों और अन्य संबंधित लोगों की भूमिका की विस्तृत जांच कराने का अनुरोध किया गया है। इसके अलावा दोषी पाए जाने वाले पुलिस या प्रशासनिक कर्मियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई तथा पीड़िता और उसके परिवार को चिकित्सकीय, कानूनी, मनोवैज्ञानिक एवं सुरक्षा सहायता उपलब्ध कराने के साथ नियमानुसार उचित मुआवजा दिलाने की मांग की गई है।

# दुर्घटना में घायल नेपाली का पैर काटना पड़ा

**नूरपुर (चिंगारी)।** नेपाल के ग्राम डाडाडुम बैल्टारी वार्ड नम्बर 9 नगर पालिका तानसेन, जिला पालपा नेपाल हाल निवासी थाना क्षेत्र स्योहारा के ग्राम किवाड़ निवासी रमेशपुत्र शेरसिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह करीब ढाई साल से ग्राम किवाड़ के एक प्रदीप कुमार के अवरेस्ट हैचरी एण्ड बिरीडिंग मुर्गी फार्म पर काम करता है। गत 19 सितम्बर को समय करीब साढ़े तीन बजे अपनी बाइक द्वारा ग्राम सैदपुर भट्टा से अपने फार्म पर जा रहा था। सैदपुर भट्टा चौराहे पर बाइक मोड़ते हुए नूरपुर की तरफ से आ रहे अज्ञात बाइक सवार ने लापरवाही व तेजगति से बाइक चलाते हुए उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। इलाज के दौरान उसका दाहिना पैर काटना पड़ा। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात बाइक चालक के विरुद्ध तेजगति व लापरवाही से वाहन चलाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से बाइक सवार की तलाश में जुटी है। थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार ने मुकदमा दर्ज करने की पुष्टि की है।

# शादीशुदा युवती को ब्लैकमेल कर अपने साथ ले गया युवक

**नूरपुर (चिंगारी)।** कस्बा निवासी एक युवक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी बहन (24) वर्ष की शादी तीन वर्ष पूर्व क्षेत्र के गांव तरकौला निवासी युवक के साथ हुई थी। युवक का आरोप है कि थाना क्षेत्र स्योहारा के गांव कुरी बांगर निवासी युवक मन्जीत सिंह उर्फ माइकल पुत्र चपंत चौधरी ने उसकी बहन के फोटो उसके जीजा को भेज दिये और ब्लैकमेल कर उसे डरा-धमकाकर जान से मारने की धमकी दे रहा है। युवक का आरोप है कि गत 25 सितम्बर की रात्रि से उसकी बहन घर से लापता है। शक है कि माइकल ही डरा-धमकाकर ब्लैकमेल करके उसे ले गया। युवक ने अपनी बहन के साथ किसी अनहोनी की आशंका व्यक्त करते हुए पुलिस से उसकी बरामदगी की गुहार लगाई है। पुलिस पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर महिला की तलाश में जुट गई है।

# भाजपा को केवल आसपा ही रोक सकती है- अतीकुर्रहमान कासमी



**कोतवाली देहात (चिंगारी)।** बढ़ापुर विधानसभा आजाद समाज पार्टी (काशीराम) के प्रबल दावेदार मौलाना अतीकुर्रहमान कासमी ने मुस्लिम समाज की एक विशाल बैठक को गांव हसनपुर में संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा को प्रदेश में आने से केवल आसपा ही रोक सकती है, क्योंकि आजाद समाज पार्टी के पास भारी संख्या में अपना दलित वोट मौजूद है, जो भाई चंद्रशेखर के साथ हमेशा खड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि दलित मुस्लिम अन्य पिछड़ी जातिय समीकरण से ही भाजपा को प्रदेश में आने से रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता वर्तमान सरकार से तृप्त है, प्रदेश में महंगाई चरम सीमा पर है, अपराधों का ग्राफ बढ़ रहा है। धर्म के नाम पर नफ़रत की राजनीति को बढ़ावा दिया जा रहा है। भाईचारा खत्म कर आपस में जनता को बांटने का काम किया जा रहा। भाई चंद्रशेखर के नेतृत्व में प्रदेश में सेक्युलर सरकार का गठन करने के लिए सभी को आजाद समाज पार्टी के साथ आना चहिए। बैठक की अध्यक्षता मौलाना आसिफ व संचालन डॉक्टर अकील अहमद ने किया। बैठक को हाफिज इमरान अंसारी, डॉ. अफजाल समीर अहमद आदि ने भी संबोधित किया।

# साक्षी ने जीती फ्री स्टाइल कुश्ती

**हीमपुर दीपा (चिंगारी)।** दयानंद जनता इंटर कॉलेज हीमपुर दीपा में कक्षा 11 सी की छात्रा कु. साक्षी ने 70वीं प्रदेशीय विद्यालय कुश्ती फ्री स्टाइल/ ग्रीको रोमन बालक-बालिका प्रतियोगिता में सर्वोत्तम प्रदर्शन किया। पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज देवरिया में आयोजित तीन दिवसीय कुश्ती प्रतियोगिता में कु. साक्षी का अपने प्रतिद्वंदियों से कड़ा मुकाबला रहा, जिसमें वह फर्स्ट पोजीशन प्राप्त करने में सफल रही। साक्षी की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार काफी उत्साहित है। प्रधानाचार्य योगेशपाल सिंह ने शुभकामनाएं देते हुए साक्षी के उज्जवल भविष्य की कामना की है।



# मोदी की मौजूदगी में विशाल चतुर्वेदी और साधु तिवारी ने दी भजन प्रस्तुति



लेखक-निर्देशक विशाल चतुर्वेदी के नेतृत्व में फिल्म 'हनुमान अंश' की टीम ने हाल ही में दिल्ली में आयोजित एक विशेष भजन क्लबिंग कार्यक्रम में हिस्सा लिया, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में फिल्म से जुड़े सिंगर साधु एस. तिवारी और निर्देशक विशाल चतुर्वेदी ने भजन प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में साधु एस. तिवारी ने फिल्म 'हनुमान अंश' के भक्ति गीत 'पार्वती' की प्रस्तुति दी, जबकि विशाल चतुर्वेदी ने 'हृदय में जिनके सियाराम' गीत गाया। इस गीत को विशाल चतुर्वेदी ने अपनी आवाज देने के साथ इसके बोल और संगीत भी तैयार किए हैं।






## रिती तिवारी के म्यूजिक को अक्षरा सिंह का समर्थन

बिग बॉस 20 में एंट्री के बाद से सिंगर-सॉन्गराइटर रिती तिवारी लगातार चर्चा में बनी हुई हैं। घर के अंदर उनकी पर्सनैलिटी, म्यूजिकल जर्नी और बेबाक अंदाज को लेकर दर्शकों के बीच चर्चा हो रही है। अभिनेत्री एवं गायिका अक्षरा सिंह ने रिती के म्यूजिक को अपना समर्थन दिया है। रिती के ट्रैक सब घूम रहा है को लेकर सोशल मीडिया पर जारी चर्चाओं के बीच अक्षरा ने रिती के म्यूजिक को एक क्रिएटर के नजरिये से देखने की बात कही। उनका कहना है कि किसी गाने को लेकर होने वाली ट्रोलिंग भी उसकी पहुंच और लोगों के बीच उसकी पहचान बढ़ाने का काम कर सकती है।

## 'लव एंड वॉर' में विक्की कौशल का फर्स्ट लुक जारी

बॉलीवुड फिल्मकार संजय लीला भंसाली की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'लव एंड वॉर' से विक्की कौशल के दो फर्स्ट लुक पोस्टर जारी कर दिए गए हैं। पोस्टर में विक्की कौशल हाथ में सिगरेट और लाइटर लिए नजर आ रहे हैं। उनके लुक में इंटेंसिटी और चार्म का प्रभाव देखने को मिल रहा है। फिल्म में पहली बार रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल एक साथ स्क्रीन साझा करते दिखाई देंगे।





# गुरमीत चौधरी और ईशा मालवीय की 'तुम मेरे हो' का टीज़र रिलीज़



गुरमीत चौधरी और ईशा मालवीय की फिल्म 'तुम मेरे हो' का बहुप्रतीक्षित टीज़र रिलीज़ हो गया है। टीज़र में दोनों की गहरी और जुनूनी प्रेम कहानी की झलक देखने को मिलती है। आशीष पांडा निर्देशित 'तुम मेरे हो' में गुरमीत और ईशा पहली बार बड़े पर्दे पर साथ नजर आएंगे। टीज़र में दोनों की केमिस्ट्री के साथ फिल्म के भावनात्मक दृश्यों और खूबसूरत विजुअल्स को दिखाया गया है। दमदार बैकग्राउंड म्यूजिक टीज़र के प्रभाव को और बढ़ाता है। 'तुम मेरे हो' ईशा मालवीय की बॉलीवुड डेब्यू फिल्म है। फिल्म का निर्माण रेवा क्रिएटिव हाउस और डेबगुरु फिल्म्स ने किया है। आरती एस और देबिना बनर्जी फिल्म की निर्माता हैं, जबकि रोमांच मेहता और अम्मान रियास्ती सहनिर्माता हैं। फिल्म में शान आर ग्रोवर और अनुष्का लुहार भी नजर आएंगे। फिल्म की कहानी और स्क्रीनप्ले निरंजन अयंगर और पूर्वा नरेश ने लिखा है। फिल्म का संगीत मिथुन, संजू राठौड़, विवेक वर्मा, कृष, उद्दीपन शर्मा और अर्जुना हरजाई ने दिया है।

# अनुभव सिन्हा ने म्यूजिक लेबल 'बनारस बीट' किया लॉन्च

फिल्मकार अनुभव सिन्हा ने अपना म्यूजिक लेबल 'बनारस बीट' लॉन्च किया है। अनुभव सिन्हा ने बताया कि संगीत के प्रति उनका लगाव बचपन से रहा है और इस म्यूजिक लेबल का विचार उनके मन में करीब सात-आठ वर्ष पहले आया था।

अनुभव सिन्हा ने कहा कि वह फिल्मों के अलावा भी संगीत तैयार करना चाहते थे, लेकिन शुरुआत में टीम नहीं बना सके। करीब एक वर्ष पहले उन्होंने कुछ संगीतकारों के साथ काम शुरू किया और पूरी टीम तैयार होने के बाद अब कुछ गाने भी तैयार किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा, मुझे म्यूजिक से इतना प्यार है कि तीन साल पहले मैंने म्यूजिक सीखना शुरू कर दिया। बचपन से ही म्यूजिक के लिए मेरा पैशन रहा है और मेरे कमरे में हमेशा म्यूजिक बजता रहता है।

अनुभव सिन्हा ने कहा कि 'बनारस बीट' उनके लिए केवल नया उपक्रम नहीं, बल्कि संगीत के प्रति लंबे समय से चले आ रहे उनके जुनून को आगे बढ़ाने का माध्यम है। वह अपनी टीम के साथ मिलकर नये गीत तैयार करेंगे।

# कार्बेट में वन अपराधों की जांच और कानूनी कार्रवाई का प्रशिक्षण दिया

## दो दिवसीय विधिक कार्यशाला में 55 वनकर्मियों व प्रशिक्षणार्थियों ने लिया हिस्सा

**अफजलगढ़/कालागढ़ (चिंगारी)। कार्बेट टाइगर रिजर्व में वन एवं वन्यजीव अपराधों पर प्रभावी कार्रवाई और कानूनी प्रक्रियाओं की जानकारी बढ़ाने के लिए दो दिवसीय विधिक कार्यशाला आयोजित की गई। 25 और 26 सितंबर को कार्बेट वन्यजीव प्रशिक्षण केंद्र, कालागढ़ में आयोजित कार्यशाला में वन अपराधों की जांच, साक्ष्य जुटाने और न्यायालय में की जाने वाली कार्रवाई का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में कार्बेट वन्यजीव प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण ले रहे 37 प्रशिक्षुओं के साथ कालागढ़ उपप्रभाग के ढेला, झिरना और कालागढ़ रेंज के 6 वन दरोगा और 12 वन आरक्षियों ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला का शुभारंभ वन क्षेत्राधिकारी नन्दकिशोर रूबाली ने किया।**

विभागीय अधिवक्ता तरुण बिष्ट ने वन एवं वन्यजीव अपराधों से जुड़े मामलों में जामा तलाशी, फर्द बरामदगी, बयान, मौका नजरी-नक्शा, सीजर रिपोर्ट, गिरफ्तारी, अपराध की जांच और न्यायालयीन कार्रवाई की प्रक्रिया समझाई। वहीं वन आरक्षी वीरेन्द्र सिंह ने भारतीय वन अधिनियम-1927 और वन्यजीव संरक्षण अधिनियम-1972 की प्रासंगिक धाराओं की जानकारी दी। कार्यशाला के दूसरे दिन प्रतिभागियों को छह टीमों में बांटकर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। टीमों से क्राइम सीन तैयार कर वन अपराध से संबंधित



## क्राइम सीन से लेकर गिरफ़्तारी और कोर्ट कार्रवाई तक कराया गया फील्ड अभ्यास

कार्रवाई, बयान, फर्द बरामदगी और गिरफ्तारी जैसी प्रक्रियाओं का अभ्यास कराया गया। इसके बाद प्रत्येक टीम ने अपने फील्ड कार्य का प्रस्तुतीकरण किया। फील्ड अभ्यास के बाद विभागीय अधिवक्ता ने प्रतिभागियों के कार्यों का परीक्षण करते हुए, कमियों और उनमें सुधार के तरीके बताए। कोर्ट प्रभारी रामनगर पार्वतीनन्दन जोशी ने भी वन कानूनों और वन अपराधों से संबंधित न्यायालयीन प्रक्रिया की जानकारी दी। कार्बेट वन्यजीव प्रशिक्षण केंद्र के निदेशक बिन्दर पाल ने प्रतिभागियों से वन एवं वन्यजीव अपराधों से जुड़े अनुभव साझा किए और प्रशिक्षण से प्राप्त जानकारी के आधार पर विभागीय कार्यों में नियमानुसार कार्रवाई करने का संदेश दिया। कार्यशाला के समापन पर प्रशिक्षु वन आरक्षी रामराज ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और प्रशिक्षणार्थियों का आभार व्यक्त किया।

# किसानों ने पूर्व सांसद से बिलाई चीनी मिल की शिकायत की

**छाछरी मोड़ (चिंगारी)।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री सांसद राजा भारतेंद्र सिंह ने आने वाले आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए क्षेत्र का दौरा शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में उन्होंने क्षेत्र के गांव फतेहपुर कला, कुतुबपुर गढ़ी, चक, खड़क, जीतपुर आदि गांवों का दौरा किया और किसानों से उनका हाल-चाल पूछा। क्षेत्र के किसानों ने उन्हें बताया की बिलाई चीनी मिल ने किसानों का गन्ने का पेमेंट अभी तक नहीं दिया है। उन्होंने मांग की कि हमारे गन्ना सेंटरों को बिलाई मिल से हटाकर स्योहारा चीनी मिल, धामपुर चीनी मिल या अन्य किसी चीनी मिल को दिलवायें। उन्होंने किसानों को आश्वासन दिया कि अपना प्रस्ताव गन्ना समिति से पास कराकर दिलवा दें, केंद्र को हटवाने की पूरी कोशिश की जाएगी। गांव कुतुबपुर गढ़ी में प्रधान ऋषिपाल सिंह की बैठक पर ग्रामवासियों ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर किसान प्रीतम सिंह, कृष्णपाल आर्य, प्रधान ऋषिपाल सिंह, ओमपाल सिंह, वीरेंद्र सिंह, मुन्नू सिंह, सतपाल सिंह, वेदपाल सिंह, नीरज कुमार, लाल सिंह, नरेश सिंह, टिंकू, विजेंद्र सिंह, अंकुश कुमार, संजय सिंह आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता प्रधान राजकुमार सिंह ने की और सभा का संचालन भाजपा नेता पावेंद्र सिंह ने किया।



# जीवन को सार्थक बनाने के लिये शिक्षा जरूरी - मकवाना

**नहटौर (चिंगारी)। ऑक्सफोर्ड स्कूल के नीट परीक्षा उत्तीर्ण करने पर छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्यमंत्री भगवत प्रसाद मकवाना ने सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि जीवन को सार्थक बनाने के लिए शिक्षा जरूरी है, शिक्षा के बिना जीवन निरर्थक है।**

शनिवार को नहटौर डिग्री कॉलेज के विवेकानन्द हॉल में सम्मान समारोह का कार्यक्रम का शुभारंभ केन्द्रीय राज्यमंत्री, अध्यक्ष राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग नई दिल्ली भगवत प्रसाद मकवाना ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किये। उन्होंने (नीट) राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले ऑक्सफोर्ड सीनियर सेकेण्डरी स्कूल के छात्र निशांत त्यागी, जतिन कुमार एवं छात्रा कु. शैली तथा वर्ष 2026 के 10वीं के टॉपर छात्र-छात्रा जोहरा अंसारी, देव कुमार, वैभव कुमार एवं 12वीं के टॉपर छात्रा विदिशा गैहरवार, वंशिका राजपूत, वंशिका पाल को भी प्रसस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय राज्यमंत्री भगवत प्रसाद मकवाना ने कहा कि शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है। उन्होंने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर साहब के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा साहेब ने समाज के लिए शिक्षा एवं समानता के लिए कार्य किया। इस अवसर पर स्कूल के अध्यक्ष इं. आशीष सिंघल, ईडी लीना सिंघल, स्कूल प्रधानाचार्य इदरीस अहमद व नहटौर डिग्री कॉलेज के प्राचार्य संजीव गौड़, अनिल सूद आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता लीना सिंघल एवं संचालन त्रिमोहन गंगोत्री ने किया।



कार्यक्रम में पहुंचने पर केंद्रीय राज्यमंत्री भगवत प्रसाद मकवाना का स्वागत करते हुए छात्र।

# मिच्छामि दुक्कडम की भावना से मनाया गया क्षमावाणी पर्व

**किरतपुर (चिंगारी)।** क्षमावाणी का पर्व श्री आदिनाथ दिगंबर जैन पंचायती मंदिर में उत्साहपूर्वक मिच्छामि दुक्कडम की भावना के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम श्री जी का जलाभिषेक शांति धारा के साथ किया गया। नित्य पूजा के पश्चात क्षमावाणी की विशेष पूजा की गई।

क्षमावाणी पर्व के विषय में अनिल जैन ने कहा कि अहंकार कहता है कि मैं क्यों झुकूं क्षमा कहती है कि मन की शांति जरूरी है। मन में रखी शिकायतें मन और आत्मा को भारी करती हैं। क्षमा का भाव मन और आत्मा को हल्का कर देता है। हमें अपनी गलती मानते हुए सबसे क्षमा का भाव रखते हुए मन के द्वेष को समाप्त करना चाहिए। क्षमा मांगना हमारा अधिकार है। क्षमा करना न करना दूसरे का अधिकार है। जब हम हाथ जोड़कर क्षमा मांगते हैं तो सामने वाला भी हाथ जोड़कर क्षमा मांगते हुए क्षमा चाहता है। यही क्षमा का गुण है, यदि हम झुकते हैं तो सामने वाला भी स्वयं झुक जाता है। क्षमावाणी पर्व पर अनिल जैन, संजय जैन सीमेंट वाले, सुनील जैन, संजय जैन सराफ, अविनाश जैन, आकाश जैन, गौरव जैन, अरविन्द जैन, नीरज जैन, वैभव जैन, सविता जैन, कुमकुम जैन, बबीता जैन, शालिनी जैन, नीलम जैन, साक्षी जैन, अंजली जैन आदि ने क्षमा याचना करते हुए भविष्य में गलती न करने का संकल्प लिया।



# सचिव और प्रधान ने रिसीव नहीं किया नोटिस

**नहटौर (चिंगारी)।** ग्राम पंचायत आकू में ई-रिक्शा खरीद मामले में हुई धांधली के बाद एडीओ की ओर से जारी किए गए नोटिस को पंचायत सचिव और प्रधान ने हठधर्मिता के साथ रिसीव तक नहीं किया। एडीओ पंचायत ने नोटिस रिसीव न करने की रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी है।

नहटौर की आकू ग्राम पंचायत में कूड़ा उठाने के लिए ई रिक्शा ठेली खरीदने को करीब एक लाख चालीस हज़ार का भुगतान कर दिया गया। करीब 3 साल बाद भी रिक्शा ठेली पंचायत को नहीं मिल पाई। मामला प्रकाश में आने के बाद उच्च अधिकारियों ने संज्ञान लेते हुए जांच के आदेश जारी किए थे। 21 सितंबर को सहायक विकास अधिकारी पंचायत द्वारा ग्राम प्रधान अवराना खातून, तत्कालीन पंचायत सचिव हर्षित, वर्तमान सचिव काकेन्द्र सिंह को नोटिस जारी कर 3 दिन में जवाब मांगा था। मामले में हठधर्मिता दिखाते हुए ग्राम प्रधान (प्रशासक) और वर्तमान सचिव द्वारा भी नोटिस प्राप्त नहीं किया गया। वहीं पूर्व सचिव के सेढी स्थित घर पर नोटिस चस्पां किया गया था। नहटौर ब्लॉक एडीओ पंचायत ने पंचायत प्रशासक और सचिव द्वारा नोटिस रिसीव नहीं करने की। पुष्टि की है। सहायक विकास अधिकारी पंचायत मनोज कुमार ने बताया अधिकारियों को पत्र भेजकर नोटिस रिसीव न करने की जानकारी दी गई है। उनके आदेश पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## -:ई-रिक्शा घोटाला:-

### सभी पंचायतों में हुआ ई-रिक्शा घोटाला

**ई रिक्शा घोटाले का एक पंचायत का मामला नहीं है। लोगों का दावा है कि पूरे ब्लॉक की सभी पंचायतों में ई-रिक्शा खरीद एवं उनकी वर्तमान स्थिति का सत्यापन कराया जाए क्योंकि कई ई-रिक्शा ठेली ऐसी है, जो खरीदी गई थी। उसके बाद से पंचायत में कुछ दिन आई और उसके बाद वह दिखाई देना ही बंद हो गई। इतना ही नहीं कई रिक्शाओं में बैटरी तक नहीं है और वह धीरे-धीरे जर्जर हो रही है।**

# एक क्षण को भी नहीं रूकी बारिश, चारो ओर पानी ही पानी

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** कल तड़के 5 बजे से शुरू हुई बारिश आज समाचार दिये जाने तक एक क्षण को भी नहीं रुकी। बारिश कभी-कभी मामूली बूंदाबांदी में तो तेजी में तब्दील हो जाती है, मगर रुकने का नाम नहीं ले रही है। बारिश से खेतों में पानी भर गया तथा मौसम ठंडा हो गया। बारिश से अभी तक तो फसलों को कोई खास नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन यदि तेज हवा या आंधी चलती है, तो फसलें जमीन पर बिछ जायेंगी और किसानों को भारी नुकसान होगा। भारी बारिश से सामान्य जनजीवन बुरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया है। मौसम विभाग ने शनिवार से बारिश शुरू होने का पूर्वानुमान पहले ही व्यक्त कर दिया था। बारिश कल तड़के 5 बजे से शुरू हो गई थी। कल दिनभर तथा गत पूरी रात्रि बारिश लगातार होती रही और आज भी समाचार दिये जाने तक लगातार जारी है। बारिश कभी हल्की हो जाती है, तो कभी तेज। कल दोपहर के समय तो बदरा झूमकर बरसे थे। बारिश कभी-कभी मामूली बूंदाबांदी में तो तेजी में तब्दील हो जाती है, मगर कल से एक क्षण को भी रुकी नहीं है। लगातार हो रही बारिश से सामान्य जनजीवन बुरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया है।


फाइल फोटो

## आंधी की आशंका से किसान चिंतित

किसानों युधिष्ठिर अहलावत, जितेन्द्र अहलावत, रोहित कुमार, सोमवीर सिंह, संतराम सिंह, हुकम सिंह का कहना है कि बारिश से गन्ने की फसल को लाभ होगा। पछेती मूंजी की फसल को भी लाभ है, जबकि मूंजी की अगेती फसल को कोई लाभ नहीं है। हालांकि अभी तक फसलों को कोई खास नुकसान भी नहीं है। उल्लेखनीय है कि मूंजी की अगेती फसल अब पकने के कगार पर है, इसलिये उसे पानी की कोई खास जरूरत नहीं है। किसानों का कहना है कि जोरदार बारिश से खेतों में पानी भर गया है, मिट्टी दलदली हो गई है। यदि आंधी आती है, तो फसलों को नुकसान होगा। तेज हवा या आंधी आने पर अगेती मूंजी और गन्ने की फसलें खेतों में धरती पर बिछ जायेंगी। इससे फसलों का उत्पादन भी प्रभावित होगा और उनकी गुणवत्ता भी घटेगी। किसान आंधी आने की आशंका से काफी चिंतित दिखाई दे रहे हैं। उधर कल से लगातार जारी बारिश से हाल ही में बोई गई सब्जी की फसलें बर्बाद हो गई हैं।

पशुपालकों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। न ही वे पशुओं के लिये हरा चारा ला पा रहे हैं और न ही पशुओं को ठीक से चारा खिला पा रहे हैं। भारी बारिश के कारण पशुओं को बांधने के लिये जगह की बड़ी समस्या उत्पन्न हो गई है। ज्ञातव्य है कि अधिकांश किसान पशुओं को खुले स्थान पर बांधकर चारा खिलाते हैं, लेकिन लगातार जारी बारिश के कारण उनके समक्ष यह विकट समस्या आ खड़ी हुई है कि वे पशुओं को बाहर कैसे बांधें? भारी बारिश के कारण खेतों में पानी भर गया है। तमाम मार्गों पर भी जलभराव-कीचड़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है, जिससे लोगों को आवागमन में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। ज्यादातर दिहाड़ी मजदूर हाथ पर हाथ धरे बैठने को मजबूर हैं। दुकानदार भी ग्राहकों के न आने से मायूस बैठे हैं। छोटे-मोटे काम धंधे भी बंद पड़े हुए हैं। उधर बारिश से मौसम में ठंडक आ गई है। कल से दिन में भी पंखे चलाने की जरूरत महसूस नहीं हो रही है, जबकि गत रात्रि मौसम में अच्छी-खासी ठंडक थी। मौसम विभाग आज शाम तक लगातार बारिश जारी रहने का अनुमान व्यक्त कर रहा है।

## मंडावर में धूमधाम से निकाली गई गणेश विसर्जन यात्रा



### ढोल-नगाड़े और डीजे पर थिरके युवा

**मंडावर ( चिंगारी )।** कस्बे में गणपति बप्पा मोरिया के जयघोष के साथ गणेश विसर्जन यात्रा धूमधाम से निकाली गई। रविवार शाम को मोहल्ला फराशटोली, बाजार कलां व अफगानान से होते हुए मुख्य मार्गों से निकाली गई। यात्रा में ढोल-नगाड़े और डीजे पर भक्ति गीतों पर युवा थिरकते नजर आए। श्रद्धालु गुलाल उड़ाते हुए 'गणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस तू जल्दी आ' के जयकारे लगा रहे थे। यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा। शांतिपूर्ण तरीके से गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## ये हाल है बेगम सराय का!

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** मामूली बारिश ने नगर के मोहल्ला बेगम सराय में जलनिकासी व्यवस्था की पोल खोल दी। बारिश के बाद मोहल्ले की गलियों में जगह-जगह पानी भर गया और रास्तों पर कीचड़ हो गई। जलभराव और कीचड़ के कारण स्थानीय लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मोहल्लेवासियों का कहना है कि लंबे समय से सड़क और जलनिकासी की समस्या बनी हुई है, लेकिन जिम्मेदारों की ओर से इसका स्थायी समाधान नहीं कराया जा रहा है। मोहल्लेवासियों का कहना है कि नगर पालिका की ओर से यहां रहने वाले लोगों से हाउस टैक्स की वसूली की जा रही है। इसके अलावा नगर पालिका की ओर से पानी की टंकी के कनेक्शन भी दिए गए हैं तथा यहां रहने वाले लोगों के मतदाता सूची में वोट भी बने हुए हैं। इसके बावजूद जब क्षेत्र में सड़क और जलनिकासी जैसी बुनियादी सुविधाओं की मांग की जाती है तो नगर पालिका की ओर से यह कहा जाता है कि कॉलोनी नगर पालिका में दर्ज नहीं है। इसको लेकर स्थानीय लोगों का सवाल है कि यदि मोहल्ला नगर पालिका क्षेत्र में दर्ज नहीं है तो यहां के मकानों से हाउस टैक्स क्यों वसूला जा रहा है? लोगों को नगर पालिका की ओर से पानी के कनेक्शन किस आधार पर दिए गए हैं और यहां रहने वाले लोगों के वोट मतदाता सूची में कैसे बने हुए हैं? मोहल्लेवासियों का कहना है कि इन सभी व्यवस्थाओं के बावजूद सड़क और जलनिकासी की समस्या का समाधान नहीं होना लोगों की परेशानी को बढ़ा रहा है।



## नहटौर में होने वाला टूर्नामेंट रद्द

**नहटौर ( चिंगारी )।** शनिवार को नहटौर के दिव्य दीप ज्ञानपीठ इंटर कॉलेज नहटौर में होने वाले ऑल इंडिया वॉलीबॉल टूर्नामेंट बारिश के कारण रद्द हो गया है। वॉलीबॉल टूर्नामेंट 28 सितंबर को आयोजित होगा। टूर्नामेंट आयोजक धनन्जय चौधरी व लोकेंद्र सिंह ने बताया कि शनिवार को होने वाला टूर्नामेंट भारी बारिश के कारण रद्द हो गया है। जिसके लिए सभी टीमों को सूचना दे दी गई।

चिंगारी
ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया जागरूक

## बाल विवाह, साइबर अपराध और महिला हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी, कल्याणकारी योजनाओं के बांटे पंपलेट

**बिजनौर ( चिंगारी )।** मिशन शक्ति फेज-5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत थाना मंडावर क्षेत्र में मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियो टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों के प्रति जागरूक किया। महिला आरक्षी 599 रश्मि एवं महिला आरक्षी 683 मोनिका ने सार्वजनिक स्थानों पर आने-जाने वाली महिलाओं को एकत्र कर बाल विवाह मुक्त अभियान, साइबर क्राइम तथा महिला सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। अभियान के दौरान महिलाओं को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। इनमें विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना तथा नशा मुक्ति भारत अभियान आदि शामिल हैं। टीम ने महिलाओं को आपात स्थिति में सहायता प्राप्त करने के लिए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी। इनमें वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102 एवं 108, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 तथा साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 प्रमुख हैं। इस दौरान महिलाओं को जागरूकता संबंधी पंपलेट वितरित किए गए तथा संबंधित नोडल अधिकारियों के संपर्क नंबरों की भी जानकारी दी गई। टीम ने महिलाओं से किसी भी प्रकार की समस्या होने पर संबंधित हेल्पलाइन अथवा पुलिस से तत्काल संपर्क करने की अपील की।







## राशिफल


विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्


**सोमवार, 28 सितम्बर 2026**

मेष- आज दिन 10/17 बजे तक विपरीत, राजकीय पक्ष से उलझनें मित्रों से अनबन, विचारों में उग्रता, शेष समय में व्यावसायिक उन्नति, समस्या का समाधान पक्ष में।

वृषभ- आज दिन 10/17 बजे तक सफलताजनक व सम्पर्क उपयोगी, आरोग्य सुख, यात्रा सुखद, शेष समय में लाभार्जन में व्यवधान, कार्यों में निराशा, आत्मबल में कमी।

मिथुन- वाक्पटुता से संकल्प सिद्धि, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु व्यय, सामयिक कृत्यों से यश की प्राप्ति, जनकल्याण की भावना जागृत, दर्शनीय स्थलों की यात्रा।

कर्क- कार्य-व्यवसाय में परिश्रम के अनुरूप सफलता, पराक्रम में वृद्धि, आपसी सलाह से कामयाबी, पारिवारिक वातावरण में हर्षोल्लास, चित्त प्रफुल्लित।

सिंह- आज दिन 10/17 बजे तक भाग्य में न्यूनता, समस्याओं से चिन्तित, उन्नति में बाधा, प्रेम सम्बन्धों में कटुता, शेष समय में नवयोजना फलीभूत,पारिवारिक सुख।

कन्या- आज दिन 10/17 बजे तक समय प्रगतिकारक, व्यक्तिगत परेशानी कम, इच्छा शक्ति जागृत, यात्रा सुखद, शेष समय में आरोग्य सुख में कमी, कार्यों में अड़चनें।

तुला- बहुप्रतीक्षित कार्यों के बनने से प्रसन्नता, आर्थिक समस्या का निवारण, आपसी सौहार्द, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, शुभ भावनाओं का उदय।

वृश्चिक-व्यापार में धन निवेश, शिक्षा एवं प्रतियोगिता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण सफलता, मित्रों में उपस्थित गलतफहमियां दूर, धन सम्पत्ति विषयक मसला पक्ष में सुलझने को।

धनु- आज दिन 10/17 बजे तक समय अशुभ, निर्णय लेने में परेशानी, स्पष्टवादिता घातक, तनाव भी, शेष समय अनुकूल, मनोरथ की सिद्धि, भौतिक सुख प्राप्त।

मकर- आज दिन 10/17 बजे तक दिनमान पक्ष में, पराक्रम से कुछ कार्य बनने को, सुयश की प्राप्ति, शेष समय विपरीत, समस्याएँ प्रभावी, जिम्मेदारियों को निभाने में मुश्किलें।

कुम्भ- परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, नवयोजना का शुभारम्भ, शिक्षा प्रतियोगिता में सफलता, राजनैतिक गतिविधियों में अभिरुचि, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ।

मीन- शारीरिक सुख, स्वविवेक से लिया गया निर्णय हितकर, विवादास्पद मसला सुलझने की ओर, मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता।


एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722


# स्वर्ण आभायुक्त रथ पर निकली श्रीजी की सवारी

**किरतपुर (चिंगारी)।** दसलक्षण के समापन पर कल श्री आदिनाथ दिगंबर जैन पंचायती मंदिर से स्वर्ण आभायुक्त रथ पर श्री जी की सवारी भव्य रूप सुंदर झांकियों एवं बाहर से आए दो बैंडों के भक्तिमय संगीत के साथ भारी बारिश के बीच निकाली गई, जो परंपरागत मार्गों से भ्रमण करती हुई सायं 5 बजे मंदिर जी पर पहुंचकर संपन्न हुई। इंद्रो द्वारा मंदिर जी में पहुंचकर श्री जी का अभिषेक एवं पूजन किया गया।

रथ यात्रा से पूर्व मंदिर जी के सभागार में सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष सुनील जैन ने की। उनके साथ समिति के अन्य पदाधिकारी मंचासीन रहे। सम्मान समारोह का संचालन यतेंद्र जैन व अनिल जैन ने संयुक्त रूप से किया। सम्मान समारोह में जैन समाज के वरिष्ठ, दस दिनों तक पूजा करने वाले रथ गृह निर्माण में सहयोग करने



वालों के साथ-साथ भव्य रथ देने वालों का भी उचित सम्मान किया गया। रथ यात्रा का स्थान-स्थान पर अनेक संस्थाओं एवं व्यक्ति गत रूप से भारी बारिश के बीच भव्य स्वागत किया गया। प्रबंध समिति द्वारा स्वागतकर्ताओं को आभार पत्र देकर सम्मानित किया गया। स्वर्णिम रथ यात्रा में भारी बारिश के बीच सुरेंद्र जैन, अनिल जैन, सुनील जैन, पारस जैन, प्रदीप जैन, कमल जैन, सुनीत जैन, नीरज जैन, रोहित जैन, यशवर्धन जैन, आकाश जैन, संजय जैन सीमेंट वाले, अभिषेक जैन, अनंत जैन, आयुष जैन, अरविंद जैन, आदि जैन, सविता जैन, कुमकुम जैन, बबीता जैन, शालिनी जैन, नीलम जैन, नैंसी जैन, सरिता जैन, सीमा जैन, साक्षी जैन, मंजू जैन, आभा जैन, आकांक्षा जैन, प्राची जैन, कल्पना जैन, अंजलि जैन सहित समस्त जैन समाज के साथ-साथ अन्य समाज के गणमान्य व्यक्ति भी चल रहे थे। रथ पर सौधर्म इंद्र के रूप में रूपेश कुमार जैन विराजमान रहे। परल जैन, वैभव जैन, इंद्र के रूप में अंकित कुमार, राजेश जैन सारथी एवं कुबेर के रूप में विराजमान रहे। रथ यात्रा का सफल संचालन यतेंद्र जैन ने गौरव जैन, शानू जैन, ह्वी जैन, आदि जैन, आयुष जैन के सहयोग से किया।

# क्षमा वीरस्य भूषणम्

'क्षमा वीरस्य भूषणम्' तीन शब्दों के इस वाक्य का सीधा सा अर्थ है क्षमा वीरों का आभूषण है। इसी के साथ यदि यह कहा जाये कि 'क्षमा-भाव' आत्मा का भाव है तो कोई गलत नहीं होगा। मनुष्य में क्षमा का भाव तभी प्रकट हो सकता है जब वह अपने भीतर छिपे अहंकार, लिप्सा, क्रोध आदि पर विजय प्राप्त कर ले। उधर क्षमा याचना भी तभी की जा सकती है जब मनुष्य अपने मन से अहंकार को त्याग दे। लेकिन इसका यह अर्थ कदापि नहीं सोचना चाहिए कि क्षमा मांगना कायरता की निशानी है। इसके विपरीत इसे तो वीरों का आभूषण माना जाता है। इसी के साथ यदि क्षमा को हृदय का सर्वश्रेष्ठ अलंकार माना जाये तो कोई गलत नहीं होगा। वास्तव में क्षमा न तो कोई दान है और न ही किसी का सम्मान है, बल्कि यह तो ईश्वर का अलौकिक वरदान है और इसका केन्द्र होती है मनुष्य की आत्मा। जब आत्मा में शुद्धता आ जाती है तो वह क्षमामयी होकर सारे कषायों को छिन्न-भिन्न कर देती है। 'क्षमा' शब्द, क्षमा मांगने वाले एवं क्षमा करने वाले दोनों ही पक्षों को एक कर देता है और इसीलिए ही इसे 'वीरों का आभूषण कहा जाता है। क्षमा के संबंध में कहा गया है। क्षमा रूपी चितामणि रहती जिसके पास, तीन लोक की सम्पदा बनती उसकी दास। क्षमा बराबर तप नहीं क्षमा धर्म आधार, ज्ञानी का भूषण क्षमा क्रोध विनाशन द्वार। इसी के साथ यह भी कहा जाता है कि जो अपनी गलतियों के लिए क्षमा मांगे, वह वीर और जो क्षमा कर दे वह महावीर।

-स्नेह लता जैन
रतन विला, निकट जैन मंदिर, बिजनौर


क्षमा नयन का नीर है, हरे जो मन की पीर
घाव भरे कटुवाणी का, शीतल करे शरीर

**क्षमावाणी**



के अवसर पर
गत वर्ष जाने-
अनजाने में हुई
भूलों के लिये
*क्षमा प्रार्थी*



**प्रदीप कुमार जैन** | **स्नेह लता जैन**

शोभित जैन - छवि जैन

टीशा - मीशा - वेदिका

रतनविला, निकट जैन मंदिर, शंभा बाजार, बिजनौर, मो. 9837200710


## किसानों ने ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई को थानाध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

**मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)।** मंडावली-गांवडी मुख्य मार्ग पर लगातार बढ़ रही ओवरलोड वाहनों की आवाजाही व अवैध खनन को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए क्षेत्र के भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के कार्यकर्ताओं ने मंडावली थानाध्यक्ष को एक ज्ञापन सौंपकर इस पर तत्काल पूर्ण पाबन्दी लगाने की मांग की है। थानाध्यक्ष को सौंपे गए ज्ञापन में बलराम सिंह, नवीन राजपूत, जितेंद्र कुमार कुमार, गौरव देशवाल ने बताया कि मंडावली-गांवड़ी मार्ग से क्षेत्र के दर्जनों गांव जुड़े हुए हैं। पिछले कुछ समय से इस मार्ग पर भारी ओवरलोड वाहनों का निकलना लगातार जारी है। इसके साथ ही क्षेत्र में अवैध खनन की गतिविधियां भी बढ़ गई हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि इन भारी व ओवरलोड वाहनों के कारण पूरी सड़क टूटकर जर्जर हो चुकी है। जगह-जगह गहरे गड्ढे होने के कारण राहगीरों, स्कूली बच्चों व स्थानीय निवासियों का पैदल चलना भी दूभर हो गया है। सड़क की इस खस्ताहाल स्थिति की वजह से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिससे स्थानीय लोगों की जान-माल का खतरा बना हुआ है। ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि जनहित को देखते हुए इस मार्ग पर ओवरलोड वाहनों के प्रवेश व अवैध खनन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए तथा मार्ग पर पुलिस चेकिंग बढ़ाई जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से बलराम सिंह, नवीन राजपूत, पुनीत चौहान, जितेंद्र कुमार, गौरव देशवाल, शुभम कुमार, रिपेंद्र कुमार सहित भारी संख्या में क्षेत्र के ग्रामीण उपस्थित रहे।




# आईएचएमएस में छात्र-छात्राओं ने बनाये स्वादिष्ट व्यंजन

## नार्थ इंडियन क्यूलिनरी प्रतियोगिता में भाग लेकर जीते पुरस्कार



**कोटद्वार ( चिंगारी )।** इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पिटैलिटी, मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस), कोटद्वार के होटल मैनेजमेंट विभाग की ओर से नॉर्थ इंडियन क्यूलिनरी चैलेंज-2026 प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सीएचएम और बीएचएम कोर्स के 22 छात्र-छात्राओं में प्रतिभाग कर अपनी पाक कला का प्रदर्शन किया।

बलभद्रपुर बीईएल रोड स्थित कॉलेज परिसर में आयोजित प्रतियोगिता का कॉलेज के कार्यकारी निदेशक अजय राज नेगी और मुख्य अतिथि रेनेस्ट होटल, हरिद्वार के एग्जीक्यूटिव शेफ राहुल बिष्ट ने शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में सीएचएम और बीएचएम कोर्स की 11 टीमों के रुप में 22 छात्र-छात्राओं ने नॉर्थ इंडिया के एक से बढ़कर एक लजीज व्यंजनों को तैयार कर उनका प्रदर्शन किया।

निर्णायक राहुल बिष्ट और विजय पंत द्वारा दिए गए अंकों के आधार पर बीएचएम के छात्र मानवेंद्र और कल्पना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इन विद्यार्थियों ने गढ़वाली और कुमाउंनी व्यंजनों का जायके रुप में कुकड़ू- भात, आलू गुटका, कुमाउंनी रायता और सिंगोरी बनाई। दूसरे स्थान सीएचएम के छात्र हरमन राज सिंह और मन्नत प्रीत सिंह की जोड़ी को मिला। इन्होंने पनीर टिक्का, मिक्स सब्जी, बटर चिकन और नबाबी खीर बनाई, जबकि मशरुम टिक्का, पालक पनीर, मेठी परांठा और गाजर हलुआ बनाने वाले बीएचएम के छात्र आदित्य नेगी और दीपक राणा की जोड़ी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर कॉलेज के कार्यकारी निदेशक अजय राज नेगी ने कहा कि कॉलेज में समय-समय पर विद्यार्थियों के लिए इस तरह के व्यावहारिक एवं विशेषज्ञ आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। जिनका उद्देश्य हॉस्पिटैलिटी एवं होटल इंडस्ट्री की आवश्यकताओं के अनुरूप विद्यार्थियों के कौशल को विकसित करना है। क्यूलिनरी प्रतियोगिता भी विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धात्मक माहौल में अपनी प्रतिभा निखारने और पेशेवर क्षेत्र की चुनौतियों के लिए तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण गतिविधि है। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अश्वनी शर्मा, जनसंपर्क अधिकारी नरेश थपलियाल, होटल मैनेजमेंट के विभागाध्यक्ष वेद प्रकाश राठौर, असिस्टेंट प्रोफेसर सपना रौथाण, असिस्टेंट प्रोफेसर अतुल कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर अंकित कुकरेती, असिस्टेंट प्रोफेसर राहुल गुसाईं, असिस्टेंट प्रोफेसर तनवी पांडे सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों के विद्यार्थियों को भी टैबलेट देने की मांग

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** राज्य सहायता प्राप्त अशासकीय विद्यालयों के संगठन उत्तराखण्ड माध्यमिक शिक्षक संघ ने प्रदेश सरकार से अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के कक्षा 10 एवं 12 के विद्यार्थियों को भी नॉलेज बैंक योजना के तहत टैबलेट प्रदान करने की मांग की है। संघ के प्रांतीय अध्यक्ष मेजर स्वतंत्र मिश्रा व प्रांतीय महामंत्री डॉ महाबीर सिंह बिष्ट द्वारा मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन में कहा गया है कि हाल में आयोजित मुख्यमंत्री युवा विद्यार्थी मंथन कार्यक्रम के उपरांत यह घोषणा की गई थी कि प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले कक्षा 10 व 12 के विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षा व नॉलेज बैंक हेतु टैबलेट दिए जायेंगे हालांकि, इस घोषणा में अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों को सम्मिलित नहीं किया गया। कहा कि एक ही प्रदेश में शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्र-छात्राओं के बीच इस प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए। कहा कि कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश की 70 विधानसभाओं से चयनित 140 मेधावी छात्र-छात्राओं की सूची में इन विद्यालयों के छात्रों ने स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा, प्रत्येक वर्ष हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाओं की मेरिट सूची में भी इन विद्यालयों के छात्र-छात्राएं उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं। ज्ञापन में मुख्यमंत्री से इस संबंध में सकारात्मक कार्रवाई करने की अपील की गई है।

# सिद्धबली मंदिर से कण्वाश्रम तक बस/टैक्सी सेवा की जाये प्रारंभ

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** राज्य आंदोलनकारी नंदलाल धनगर ने श्री सिद्धबली मंदिर से कण्वाश्रम तक बस या टैक्सी सेवा आरंभ करने की मांग की है। कहा कि इससे क्षेत्र में पर्यटकों की आमद बढ़ेगी। इस संबंध में उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि कोटद्वार दुगड्डा मोटर मार्ग पर खोह नदी के किनारे स्थित श्री सिद्धबली मंदिर लाखों लोगों की आस्था का केंद्र है। मंदिर दर्शन के लिए दूर-दूर से लोग हमेशा आते रहते हैं, वहीं कण्वाश्रम को पर्यटक मानचित्र पर उचित स्थान नहीं मिल पाया है। इसलिए पर्यटकों को श्री सिद्धबली मंदिर से कण्वाश्रम तक ले जाने के लिए बस या टैक्सी सेवा आरंभ की जानी चाहिए, ताकि कण्वाश्रम को भी उचित पहचान मिल सके। ज्ञापन में उन्होंने मुख्यमंत्री से इस संबंध में सकारात्मक कार्रवाई करने की मांग की है।

# तहसील प्रशासन व खनन विभाग ने खोह नदी क्षेत्र का किया निरीक्षण

## उपखनिज से भरे कई वाहन मिले

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया के निर्देश पर तहसील प्रशासन व खनन विभाग की संयुक्त टीम ने खोह नदी क्षेत्र का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान टीम को मौके पर उपखनिज से भरी एक ट्रॉली मिली। कार्रवाई के दौरान ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर लेकर जाने में सफल रहा। इस पर टीम द्वारा ट्रॉली को दूसरे ट्रैक्टर की सहायता से तहसील परिसर में खड़ा कराया गया। वहीं, खोह नदी क्षेत्र में घोड़े-खच्चरों के माध्यम से उपखनिज ले जाने की गतिविधि भी सामने आई, जिस पर टीम ने मौके पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए संबंधित लोगों को नियमानुसार कार्य करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में टीम द्वारा गाड़ीघाट क्षेत्र में एक ट्रक को बिना रवन्ना उपखनिज रोड़ी का परिवहन करते हुए, रोका गया। मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। खनन अधिकारी अनिल मुयाल ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशन में उपखनिज के खनन, परिवहन एवं भंडारण की गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी के लिए खनन विभाग एवं तहसील प्रशासन की टीमें लगातार क्षेत्रों का भ्रमण कर निरीक्षण कर रही हैं। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। कार्रवाई के दौरान तहसीलदार राजेंद्र सनवाल सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# शिक्षण संस्थानों में राजनीतिक हस्तक्षेप पर रोक लगायी जाये



## इकाइयों ने एसडीएम को दिया राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था और विद्यालयों में भाजपा द्वारा किए जा राजनीतिक हस्तक्षेप पर महानगर कांग्रेस कमेटी पदाधिकारियों ने रोष व्यक्त किया है। इस संबंध में कांग्रेसियों ने तहसील पहुंचकर उपजिलाधिकारी के माध्यम से प्रदेश के राज्यपाल को ज्ञापन प्रेषित किया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था पहले ही गंभीर गिरावट के दौर से गुजर रही है। आए दिन पेपर लीक जैसी घटनाओं के सामने आने से विद्यार्थियों की मेहनत और उनके भविष्य पर सवाल खड़े हो रहे हैं। वहीं लगातार विद्यालय बंद किए जाने, विद्यालयों में शिक्षकों की भारी कमी, जर्जर भवनों तथा मूलभूत सुविधाओं के अभाव जैसी समस्याएं भी शिक्षा व्यवस्था के सामने चुनौती बनी हुई हैं। एक ओर विद्यालयों में विद्यार्थियों की परीक्षाएं चल रही हैं, दूसरी ओर सेवा संकल्प कार्यक्रम के नाम पर विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं प्रधानाचार्यों पर कार्यक्रमों में शामिल होने का दबाव बनाया जा रहा है। विद्यालय विद्या और संस्कार के केंद्र हैं, उन्हें किसी भी परिस्थिति में राजनीतिक गतिविधियों का अखाड़ा नहीं बनाया जाना चाहिए। सरकार को विद्यालयों में राजनीतिक गतिविधियों पर ध्यान देने के बजाय पेपर लीक रोकने, शिक्षकों की कमी दूर करने, जर्जर विद्यालय भवनों को दुरुस्त करने और विद्यार्थियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने पर ध्यान देना चाहिए। शिक्षकों पर राजनीतिक अथवा गैर-शैक्षणिक गतिविधियों के लिए दबाव बनाना न तो विद्यार्थियों के हित में है और न ही स्वस्थ शैक्षणिक वातावरण के अनुरूप है। ज्ञापन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश के राज्यपाल से विद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों में किसी भी प्रकार के राजनीतिक हस्तक्षेप पर तत्काल रोक लगाने तथा सेवा संकल्प के नाम पर विद्यार्थियों और शिक्षकों पर बनाए जा रहे अनावश्यक दबाव को समाप्त करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने की अपील की है।

ज्ञापन सौंपने वालों में महानगर कांग्रेस अध्यक्ष मीना बछुवाण, कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीन रावत, पूर्व महानगर अध्यक्ष संजय मित्तल, पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह बिष्ट, पूर्व यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमित राज, विजय माहेश्वरी, अंकुश घिल्डियाल, शुभम सुयाल, हिमांशु बौखंडी आदि शामिल रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

# ससुराल वालों पर विवाहिता व उसकी पुत्री को गायब करने का आरोप

## पति ने थाने में लिखा रखी है गुमशुदगी

**हीमपुर दीपा (चिंगारी)।** थाना क्षेत्र के ग्राम धींवरपुरा से एक विवाहिता और उसकी पुत्री के लापता होने की घटना सामने आई है। एक और विवाहिता के पति की ओर से पहले ही थाने में पत्नी की गुमशुदगी दर्ज कराई गई है। वहीं मायके पक्ष ने विवाहिता और उसकी पुत्री के साथ अनहोनी की आशंका जताते हुए ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला की मां ने मामले में उच्चाधिकारियों से दोनों की बरामदगी तथा मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

शनिवार को शेरकोट थाना क्षेत्र के ग्राम बालकिशनपुर निवासी वकीला पत्नी स्वर्गीय शब्बीर ने हीमपुर दीपा थाने पहुंचकर बताया कि करीब 22 वर्ष पूर्व उसकी बेटी आसमा का विवाह हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम धींवरपुरा निवासी साजिद पुत्र शब्बीरा के साथ हुआ था। महिला के अनुसार आसमा की एक पुत्री भी है।


विवाहिता की मां

वकीला का आरोप है कि कुछ समय पूर्व आसमा के ससुर शब्बीरा ने करीब 60 लाख रुपये का एक प्लॉट बेचा था। आरोप है कि प्लॉट की बिक्री के बाद आसमा ने अपने ससुर से अपने हिस्से की मांग की थी। इसके बाद से ही परिवार में विवाद की स्थिति पैदा हो गई और करीब दस दिन पूर्व हुए विवाद के बाद से आसमा तथा उसकी पुत्री का कोई पता नहीं चल रहा है।

### विवाहिता की वृद्ध मां ने पुलिस अफसरों से लगाई गुहार

विवाहिता की मां वकीला का आरोप है कि वह अपने भाइयों के साथ अपनी बेटी के ससुराल ग्राम धींवरपुरा पहुंची थी। वहां ससुराल पक्ष के लोगों ने कथित रूप से उनके साथ धक्का-मुक्की करते हुए उन्हें घर से बाहर निकाल दिया। महिला का यह भी आरोप है कि उसकी बेटी के कपड़े भी जला दिए गए। ससुराल पक्ष के लोगों ने कथित रूप से कहा कि आसमा अब कभी वापस नहीं आएगी। इन परिस्थितियों को देखकर बुजुर्ग मां वकीला घबरा गई। उसने आशंका जताई कि उसकी बेटी और नातिन के साथ कोई अनहोनी हुई हो सकती है। महिला ने आरोप लगाया कि ससुराल पक्ष के लोगों ने उसकी बेटी की हत्या कर शव को कहीं छिपा दिया हो सकता है।

वकीला का कहना है कि उसने घटना की जानकारी देते हुए हीमपुर दीपा थाने पहुंचकर अपनी बेटी और नातिन की बरामदगी की गुहार लगाई, लेकिन आरोप है कि पुलिस ने उसकी तहरीर पर तत्काल कार्रवाई करने के बजाय उसे थाने से टरका दिया। दूसरी ओर, विवाहिता के पति की ओर से पहले ही पत्नी की गुमशुदगी दर्ज कराए जाने की बात पुलिस ने बताई है। विवाहिता के मायके पक्ष में चिंता बनी हुई है। पीड़िता की मां ने पुलिस के आलाधिकारियों से मामले को गंभीरता से लेते हुए आसमा और उसकी पुत्री की तत्काल तलाश कराने, ससुराल पक्ष के आरोपों की जांच करने यदि किसी प्रकार की आपराधिक घटना सामने आती है तो दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## विनय कुमार एडवोकेट का निधन, 69 साल की उम्र में ली अंतिम सांस



बिजनौर (चिंगारी)। जिला जजी में प्रेक्टिस करने वाले विनय कुमार एडवोकेट का गत रात्रि निधन हो गया। उनकी आयु लगभग 69 वर्ष थी। यहां स्टेशन रोड पर रहने वाले विनय कुमार मूल रूप से जनपद के ग्राम खजूरी के निवासी थे। वे पिछले काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। कल रात अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी, जिस पर उन्हें उपचार के लिए मेरठ ले जाया जा रहा था कि रास्ते में ही उनका निधन हो गया। आज दोपहर गंगा बैराज घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। वह अपने पीछे पत्नी व दो पुत्रों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गये। विनय कुमार बहुत ही विनम्र और दयालु प्रवृत्ति के थे। उनके निधन का समाचार सुनकर काफी संख्या में लोग श्रद्धांजलि देने उनके आवास पर पहुंचे। स्वर्गीय विनय कुमार वरिष्ठ कांग्रेस नेता नीरज चौधरी के समधी थे। चिंगारी परिवार दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिवार को यह दारूण दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना करता है।

## उत्तराखंड के कई जिलों में फिर जारी हुआ मौसम का ऑरेंज अलर्ट

**देहरादून (एजेंसी/चिंगारी)।** भारत मौसम विज्ञान विभाग ने रविवार को एक बार फिर उत्तराखंड के विभिन्न जनपदों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। समाचार लिखने तक लगभग सभी स्थानों पर लगातार हल्की से भारी बारिश हो रही है। आज सुबह एक बार फिर मौसम विभाग की ओर से अगले 24 घंटों अर्थात 27 सितम्बर प्रात: 10:49 बजे से 28 सितम्बर प्रात: 10:49 बजे तक जनपद अल्मोडा, बागेश्वर, देहरादून, हरिद्वार, पिथौरागढ, टिहरी गढ़वाल, उधम सिंह नगर, उत्तरकाशी में कुछ जगहों पर बहुत भारी वर्षा अथवा गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने झोंकेदार हवाएं एवं वर्षा के अति तीव्र से अत्यंत तीव्र दौर होने की संभावना व्यक्त की है। चेतावनी के अनुसार इन जनपदों के अंतर्गत बडकोट, पुरोला, रूड़की, लक्सर, मसूरी, चकराता, ऋषिकेश, चिन्यालीसौड़, गंगोत्री, देवप्रयाग, श्रीनगर, यमुनोत्री, काशीपुर, किच्छा, खटीमा, रानीखेत, चौखुटिया, जागेश्वर धाम, कौसानी, गंगोलीहाट, डीडीहाट, कपकोट, मुनस्यारी तथा आस-पास के क्षेत्रों के लिए यह अनुमान व्यक्त किया गया है।


**स्टाफ की आवश्यकता है**

सेल्स, लेबर और कॉलिंग के लिए काम करने वाले युवक-युवतियों की आवश्यकता है।
पद- सेल्स / लेबर / कॉलिंग
वेतन- योग्यता एवं कार्य के अनुसार
सम्पर्क करें-
गुप्ता मशीनरी स्टोर के पास
थाना कोतवाली, बिजनौर
मो. 9897501233

**गीजर ही गीजर**
**सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज**
हमारे यहां एलईडी बल्ब, वायर, पंखे, स्विच, शोकिट, गीजर, प्रेस, मिक्सी एवं सभी प्रकार के बिजली फिटिंग का सामान थोक मूल्य पर मिलता है।
खुल गया ! खुल गया !
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर मो. 9897024836, 8800092476

Gents Specialist
Suit | Sherwani | Pant Shirt | Fancy Coat | Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE | PUMA | SKECHERS | WOODLAND | RED CHIEF | Lee Cooper | campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor

Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
₹8/- PER SQ.FT सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर